हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## स्मार्ट सिटी में आपका स्वागत है...

# कहीं 'जाम' वालों के जाल में फंसे, वहां से निकले तो मवेशियों के जंजाल में फंसी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कहने को रायपुर स्मार्ट सिटी है। लेकिन बारिश के मौसम में सड़कों का हाल कहीं से स्मार्ट नहीं दिखता। हाल यह है कि सुबह से लेकर शाम तक खुलेआम जाम झलकाते लोग सड़कों पर दिखते हैं। वहां से बच बचाकर निकलें तो मवेशियों के जंजाल में फंस जाते हैं। शहर की ऐसी कोई भी सड़क नहीं जहां मवेशियों का कब्जा न हो। हरिभूमि ने शनिवार को शहर में संचालित अहातों और सड़कों पर हजारों की तादात में बैठे और टहल रहे मवेशियों की पड़ताल की।

▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 1**
मोवा-विधानसभा मार्ग पर जीओ मार्ट के पास शराब दुकान के साथ अहाता भी खुला हुआ है। शराब दुकान सड़क से बमुश्किल से कुछ मीटर दूरी पर ही हैं, वहीं अहाता भी दुकान परिसर में संचालित है। हर ▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 2**
कटोरा तालाब स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान भी मुख्य सड़क से करीब 10-15 मीटर दूर है। इस दुकान के बगल में ही अहाता भी खोला गया है। दुकान के कारण पहले ही यहां शराबियों का जमावड़ा लगा ▶▶|शेष पेज 13 पर



### जाम से छूटे तो मवेशियों में फंस रहे वाहन चालक

एक ओर जहां शराब दुकान व अहातों के कारण सड़कों पर आवागमन प्रभावित हो रहा हैं, वहीं दूसरी ओर आवारा मवेशियों से भी शहर की सड़कें भरी हुई हैं। वीआईपी इलाकों को छोड़कर शहर में ऐसा कोई वार्ड नहीं है, जहां आवारा मवेशियों का झुंड सड़कों पर बैठा या घुम न रहा हो। इस तरह शराब दुकान व अहातों के कारण लगे जाम से निकलने के बाद गाड़ियां मवेशियों के झुंड में फंस रही हैं, जिसके कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**रायपुर।** राजिम गोबरा नवापारा निवासी एक नवविवाहिता की टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस शून्य में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर ही है। पुलिस के मुताबिक, तीन माह पूर्व आयशा भिंजेकर की शादी उमाशंकर भिंजेकर के साथ हुई थी। स्वास्थ्य बिगड़ने पर महिला को उपचार के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के मायके पक्ष ने आयशा की हत्या के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। ससुराल वालों ने पुलिस को बताया कि दवा लेने की वजह से आयशा की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।



### एनडीपीएस का आरोपी कोर्ट से फरार

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी पेशी के दौरान पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। सिविल लाइंस पुलिस अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सज्जाद को पुलिस लाइन के दो सिपाही कोर्ट में पेशी के लिए लेकर गए थे। पेशी के दौरान सज्जाद ने वॉशरूम जाने का बहाना किया और पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।



### सट्टा खिलाते धरा गया सटोरिया

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने घूम-घूमकर मोबाइल से सट्टा संचालित करने के आरोप में एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी 24 सौ रुपए तथा मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, सट्टा संचालित करने के आरोप में मठपारा निवासी संजय डागा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने संजय को कालीमाता चौक के पास मोबाइल से सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया।



जिन चार किसानों के नाम पर दर्ज भूमि, उनमें एक किसान 5 माह पहले ही निरस्त करा चुका है मुख्तारनामा

# भाठागांव में 63 एकड़ जमीन में जुड़ेंगे किसानों के नाम, प्रशासन कर रहा है गुमशुदा की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भाठागांव में शामिलात चारागान की 63 एकड़ भूमि पर भू-माफिया का कब्जा मामले की 5 माह पहले जिला कलेक्टर, राजस्व अधिकारी से लेकर थाने में भी शिकायत की गई थी। जिन चार किसानों के नाम पर भूमि दर्ज हैं, उनमें से एक किसान ने तो 5 माह पहले ही अपना मुख्तारनामा भी निरस्त करा दिया था, जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए कलेक्टर और राजस्व अधिकारी से शिकायत की थी। इधर भाठागांव के ग्रामीणों ने भी पुरानी बस्ती थाने में 5 माह पूर्व ही शिकायत दर्ज कराई थी कि शामिलात चारागाह की भूमि के दस्तावेजों में हेराफेरी कर चार किसानों ने भूमि को बेचने के लिए भू-माफिया से एग्रीमेंट कर लिए ▶▶|शेष पेज 13 पर

### भूमि पर अब भी माफिया का कब्जा

ग्रामीणों के भूमि पर माफिया का कब्जा किए जाने के विरोध में भाठागांव में एक दिन व्यापार बंद किया था। इस बंद से एक दिन पूर्व ग्रामीणों ने इसकी घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद तहसील कार्यालय ने आनन-फानन में भूमि पर ▶▶|शेष पेज 13 पर


चारागाह की 63 एकड़ जमीन में गोलमाल, भाठागांव लामबंद, चमाचम बंद रहा बाजार, जांच का भरोसा

### जिनके नाम गायब हैं, उनके नाम वापस जोड़ेंगे

तहसील में केस चल रहा है। 67 एकड़ भूमि में 173 किसानों के नाम पूर्व में दर्ज थे। इन किसानों के नाम गांव के लोगों से मांगा गया है। नाम मिलने पर सभी के नाम पुन: जोड़े जाएंगे। - **नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### 169 किसानों के नाम ढूंढने में जुटा गांव

गांव के विरोध-प्रदर्शन बैठक के दौरान तहसील कार्यालय से ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया है कि 63 एकड़ भूमि में जितने किसानों के नाम पूर्व में दर्ज थे, उन किसानों के नाम पुनः चढ़ाए जाएंगे। इसके लिए तहसीलदार ने ग्रामीणों से पूर्व में दर्ज 173 नाम में शामिल किसानों के परिवारों के नाम ढूंढकर देने के लिए कहा है, जिसके बाद से पूरा गांव भूमि में दर्ज किसानों के परिवारों को ढूंढने में लगा हुआ है। गांव के एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिनके नाम दर्ज थे, उनमें ज्यादातर लोगों की मृत्यु हो चुकी है, वहीं कुछ लोग गांव छोड़कर भी जा चुके हैं। इसके कारण उन किसानों के परिवार के नाम और पता ढूंढना पड़ रहा है।

### इस किसान ने कराया पॉवर ऑफ अटॉर्नी निरस्त

गांव के कीर्तन साहू ने बताया कि भाठागांव में कुल 67 एकड़ चारागाह भूमि 173 किसानों के नाम पर दर्ज थी। रजिस्ट्री दस्तावेज में सबसे ऊपर रामानुज अग्रवाल, सरोज सोनकर, प्रेमलाल साहू एवं हेमंत ध्रुव के परिवार के नाम थे, जबकि अन्य किसानों के नाम नीचे अंकित थे। इन चारों किसानों ने दस्तावेजों में चढ़े बाकी सभी नाम गायब कराकर अपने नाम पर भूमि दर्ज करा ली थी। इसके बाद चारों किसान ने भूमि को बेचकर बड़ी रकम कमाने के लिए भू-माफिया से एग्रीमेंट कर लिया था। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने थाने में भी की थी। हालांकि चारों किसानों में प्रेमलाल साहू ने गांव वालों से बातचीत करने के बाद भू माफिया को दिया पॉवर ऑफ अटॉर्नी 11 जनवरी 2024 को पंजीयक दफ्तर से निरस्त करा लिया था। निरस्त कराने के बाद प्रेमलाल साहू ने कलेक्टर और राजस्व अधिकारी से माफिया के विरुद्ध शिकायत की थी कि उसने पॉवर ऑफ अटॉर्नी निरस्त करा दिया है। इसके बाद भी माफिया भूमि पर कब्जा किया हुआ है।

# 7 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण नहीं 15 दिन बढ़ी अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य पूरे प्रदेश में चल रहा है। 77 लाख राशनकार्ड धारी में से अब तक 70 लाख 26 हजार राशन कार्डधारकों ने नवीनीकरण कराया है। लगभग 7 लाख राशन कार्डधारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। राज्य शासन ने 31 जुलाई तक की अवधि तय की थी, जिसे 15 दिन बढ़ाकर 15 अगस्त किया गया है। बताया जाता है कि प्रदेश में एपीएल राशन कार्डधारक नवीनी करण में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अकेले रायपुर जिले में 40 हजार से अधिक एपीएल राशन कार्डधारकों ने नवीनी करण नहीं कराया है। खाद्य विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश ▶▶|शेष पेज 13 पर

- **एपीएल राशन कार्डधारक नहीं ले रहे रुचि**

### बीजापुर सबसे आगे

नवीनीकरण के कार्य में बीजापुर जिला सबसे आगे हैं, कुल हितग्राही 71,329 हितग्राहियों में से 71,109 हितग्राहियों ने, दूसरे स्थान पर नारायणपुर जिला 36,136 हितग्राहियों में से 35,790 हितग्राहियों ने, तीसरे स्थान पर सुकमा जिला जहां 78,703 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है।

### उचित मूल्य के दुकानों में नवीनीकरण और ई-केवायसी

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में भी जाकर ऑनलाईन के माध्यम से अपना नवीनीकरण और ई-केवायसी का कार्य करवा सकते है। ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए जिन सदस्यों का बाल आधार बना है उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा। इसके बाद उचित मूल्य दुकान की ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते हैं।

# छत देने का लालच, बंटी-बबली ने लोगों से वसूले एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना में 32 लोगों ने बंटी-बबली की जोड़ी के साथ तीन लोगों के खिलाफ मकान दिलाने का झांसा देकर एक करोड़ रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने प्रापर्टी डीलिंग करने की आड़ में लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। ठगी के शिकार गरीब तथा मध्य वर्ग के लोग शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक विधानसभा थाना क्षेत्र छपोरा निवासी अभय कुमार यादव, चेतना यादव तथा निहाल यादव के खिलाफ सरिता कारकाडे सहित 32 लोगों ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन लोगों ने लालपुर में एक मकान किराए पर लेकर अभय रियल एस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन के नाम से वर्ष 2022 में ऑफिस खोला था। शिकायत दर्ज कराने वाले लोगों ने पुलिस को बताया है कि अभय ने एजेंट के माध्यम से उनसे संपर्क कर सस्ती दर पर कमल विहार में स्वतंत्र मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मकान के लालच में किसी ने जेवर गिरवी रख पैसों की व्यवस्था की तो किसी ने जमीन गिरवी रखी



- **टिकरापारा थाना में तीन लोगों के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज**
- **एक व्यक्ति को एक सप्ताह में डेढ़ गुना रकम देने का झांसा देकर 12 लाख रुपए ठग लिए बंटी-बबली ने**








### ऐसे लेता था झांसे में

पीड़ित लोगों के मुताबिक अभय तथा उसके साथी किराए के मकान में रहने वाले लोगों को टार्गेट कर अपने कार्यालय में बुलाते थे। किराए के मकान में रहने वाले लोगों से उनके किराए के बारे में जानकारी हासिल कर महीने में वे जितना मकान किराए के रूप में देते हैं, उतनी राशि किस्त के रूप में जमा कराने का झांसा देकर बैंक से लोन पास कराने की बात कह कर अपने ठगी की जाल में फंसाता था।

प्राकृतिक स्त्रोत से फिल्टर प्लांट को मिलने लगा भरपूर रॉ वाटर

# गंगरेल डेम से पानी लेना बंद, 3 माह में 4 करोड़ बचाएगा निगम

*सिंचाई विभाग को निगम ने लिखा था पत्र, 24 जुलाई से पानी खरीदना बंद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर शहर की प्यास बुझाने नगर निगम अब 3 माह तक गंगरेल डेम से पानी नहीं खरीदेगा। प्राकृतिक स्त्रोतों से फिल्टर प्लांट को भरपूर कच्चा पानी मिलने से ये स्थिति बनी है। जल विभाग ने सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर गंगरेल डेम से पानी की आपूर्ति बंद कराई गई है। इससे नगर निगम को 3 माह में करीब 4 करोड़ रुपये की बचत होगी।

रायपुर नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्डों के 15 लाख आबादी को 12 महीने पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने नगर निगम के जल विभाग ने सिंचाई विभाग के साथ एग्रीमेंट कर रखा है। इसके हिसाब से साल में 9 माह गंगरेल डेम से पानी खरीदा जाता है। बाकी के 3 माह प्राकृतिक स्त्रोतों से मिलने वाले कच्चा पानी शहरवासियों की प्यास बुझाने में उपयोग होता है। फिल्टर प्लांट से शहर की नई व पुरानी 43 पानी टंकियों के जरिए यह पानी नल के माध्यम से लोगों के घरों ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 24 जुलाई से डेम का पानी लेना बंद

सूत्रों के मुताबिक रायपुर नगर निगम से पत्र मिलने के बाद सिंचाई विभाग ने 24 जुलाई से रायपुर शहर के लिए गंगरेल डेम से पानी की आपूर्ति बंद कर दी है। 3 माह तक प्राकृतिक स्त्रोतों से फिल्टर प्लांट को खारुन नदी के जरिये निःशुल्क पानी मिलता रहेगा। इसीलिए डेम से पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## खबर संक्षेप



### प्रदेश में अब आम आदमी पार्टी लड़ेगी निगम, पंचायत और पालिका चुनाव

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों के साथ दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में बैठक की। बैठक में प्रदेश में संगठन के विस्तार, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, पंजाब से विधायक और सह प्रभारी हरदीप मुंडिया, और सह प्रभारी गुरिंदर सिंह बैठक में शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने कहा, संदीप पाठक के साथ प्रदेश में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। प्रदेश में हमारा संगठन काफी मजबूत है। पार्टी में प्रदेश में नगर निगम चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बैठक में शामिल छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा छत्तीसगढ़ में दिल्ली और पंजाब में किये जा रहे शानदार कार्यों की काफी चर्चा है।

### माता कौशल्या विहार में विद्युत व्यवस्था होगी दुरुस्त

**रायपुर।** कौशल्या विहार के अलग-अलग सेक्टरों में बारिश के दौरान भूमिगत केबल में पानी घुसने से बिजली बंद की समस्या को दूर करने विद्युत विभाग फोरपोल पैनल लगायेगा। इससे आने वाले समय में कौशल्या विहार के रहवासियों को बिजली गुल की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। रायपुर विकास प्राधिकरण ने इस कार्य के लिए सीएसडीसीएल को 1.80 करोड़ रुपये की राशि दी है। राजधानी में 1600 एकड़ में फैले कौशल्या विहार के 15 सेक्टरों में आए दिन बिजली गुल की समस्या से लोगों को राहत देने विद्युत विभाग फोरपोल पैनल सिस्टम लगायएगा।

# मंत्री राजवाड़े ने बताया-महतारी वंदन के लिए उपयोजना मद से भी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना के भुगतान के लिए राशि की व्यवस्था बजट से पूरी न हो पाने के कारण राज्य सरकार ने आदिवासी उपयोजना की 1650 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की निकासी की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि महतारी वंदन योजना के लिए बजट में 3000 करोड़ का प्रावधान किया गया था। महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ देने अब तक चार किस्त दी जा चुकी है। कुल 2609 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। माह जून की स्थिति में योजना के लिए प्रावधान किए गए बजट में मात्र 1020 करोड़ रुपए शेष था। विधानसभा में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि महतारी वंदन योजना में प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को 1000 रुपए की राशि प्रदाय की जाती है। योजना में हितग्राहियों के मासिक किस्त के भुगतान के लिए जून तक वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1310 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2024-25 से 1980 करोड़ कुल 3290 करोड़ राशि की निकासी की गई है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति उपयोजना अनुसूचित जाति उपयोजना से 1650 करोड़ तथा महिला बाल विकास विभाग से 1740 करोड़ रुपए की निकासी की गई है। कैम्पा मद से कोई राशि नहीं ली गई है।






### पेंशन प्राप्त पात्र महिलाओं को अतिरिक्त सहायता

*उन्होंने बताया कि ऐसी महिलाएं जिन्हें सामाजिक सहायता अंतर्गत तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से विभिन्न पेंशन योजनाओं से प्रतिमाह 1000 रुपए से कम राशि की पेंशन प्राप्त हो रही है, तो ऐसी पात्र महिलाओं को अतिरिक्त उतनी राशि की सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें कुल 1000 रुपए की मासिक राशि प्राप्त हो सके।*

### 1 लाख 5 हजार से अधिक हितग्राहियों के भुगतान वापस

प्रदेश में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कुल 70 लाख 27 हजार 164 हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया था। इनमें से 69 लाख 99 हजार 109 हितग्राही पात्र पाई गई। 22 हजार 623 हितग्राही अपात्र थे। 5413 हितग्राहियों की मूत्यु हो चुकी है। मार्च माह में 69 लाख 68 हजार 254 महिलाओं को राशि का भुगतान किया गया, इनमें से 20112 हितग्राहियों का भुगतान वापस आ गया। उसी प्रकार अप्रैल माह में 69 लाख 85 हजार 786 महिलाओं के खाते में भुगतान किया गया, इनमें से 23454 हितग्राहियों के भुगतान वापस आ गए। मई माह में 69 लाख 81 हजार हितग्राहियों को भुगतान किया गया, इनमें से 26013 हितग्राहियों के भुगतान वापस आ गए। जून महा में 69 लाख 63 हजार 43 हितग्राहियों को भुगतान किया गया, इनमें से 36022 के भुगतान वापस आ गए। बैंक खातों के केवायसी और अन्य कारणों से उन्हें राशि का अंतरण नहीं हो पाया।

# मांडविया बोले- पीएम मोदी का मकसद आम आदमी के जीवन में बदलाव लाकर विकसित भारत बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय श्रम व रोजगार तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला मकसद आम आदमी के जीवन में बदलाव लाकर विकसित भारता बनाना है। विकसित भारत को लक्ष्य बनाकर ही केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट की खूबियां गिनाते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी कभी टोकन में नहीं, अपितु टोटल में सोचते हैं। डॉ. मांडविया ने

**केंद्रीय मंत्री ने बजट की खूबियां गिनाईं**



कहा, आम आदमी के जीवन में बदलाव लाकर कैसे विकसित भारत का लक्ष्य अर्जित किया जा सकता है, यह बजट इस संकल्प का प्रतिबिम्ब है। डॉ. मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि जब देश अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी मना रहा हो तब देश को पूर्ण विकसित बनाना है। पूर्ण विकसित भारत के अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम और योजना पर काम करना प्रधानमंत्री श्री मोदी का विजन है। देश में चार वर्गों पर काम करके ही हम विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं और केंद्र सरकार के पिछले अंतरिम बजट में 4 मुख्य समूहों 'गरीब', 'महिलाएं', 'युवा' और 'अन्नदाता' पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। डॉ मांडविया ने कहा, अब केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस पहले पूर्ण बजट में एक महीना पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा करके लागत पर कम-से-कम 50 प्रतिशत मार्जिन देने का वादा पूरा किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा।

**रमन सिंह से मिले मांडविया**



*केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी उपस्थित थे। डा. रमन ने श्री मांडविया को स्मृति चिन्ह भेंट किया।*

### शिक्षा, रोजगार, कौशल प्रशिक्षण से भारत बनेगा विकसित

डॉ. मांडविया ने कहा, इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट में सभी के लिए भरपूर अवसर का सृजन करने के लिए 9 प्राथमिकताओं के संबंध में सतत प्रयासों की परिकल्पना की गई है। कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, अवसंरचन, नवाचार, अनुसंधान व विकास, और, अगली पीढ़ी के सुधार।

### तीन करोड़ पीएम आवास बनेंगे

केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने पीएम आवास योजना की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों की घोषणा की गई है, जिसके लिए आवश्यक आबंटन किए जा रहे हैं। 10 करोड़ रुपए के निवेश से शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ आवास बनाए जाएंगे। इससे गरीबों-मजदूरों को स्लम क्षेत्रों में रहने की विवशता से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, बजट कार्यो के समन्वयक प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी उपस्थित थे।

### उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर

डॉ. मांडविया ने बताया, हमारी सरकार उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल किस्मों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करेगी। खेती में सुविधा हो और समय के साथ खेती में तकनीकी सुधार आवश्यक होता है। जब भी कोई पैसा किसानी के काम में लगता है वह जब किसान के पास आता है तो देश की इकॉनॉमी पर उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।




## भारत को 21वीं सदी में ले जाने का नारा, नारा ही रहा पर मोदी सरकार विकसित भारत जरूर बनाएगी

केंद्रीय श्रम व रोजगार तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राजधानी रायपुर में प्रदेश से हर वर्ग से पहुंचे बुद्धिजीवियों साथ केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार की प्राथमिकताएं बताने के साथ कहा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को 21वीं सदी में ले जाने का नारा दिया था, कमिटमेंट की कमी के चलते यह नारा, एक नारा ही बनकर रह गया, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य तय किया है, उसको हर हाल में प्राप्त करेंगे। हमारे प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वो करते भी हैं। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, जैसे लोग चन्द्रगुप्त मौर्य के स्वर्ण युग को याद करते थे वैसे ही मोदी युग के भारत को याद करेंगे। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि मोदी जी की विकसित भारत यात्रा के साक्षी है। डॉ. मांडविया ने कहा, पहले जब हम विदेश जाते थे तो बाहर के लोगों का अपॉइंटमेंट लेना पड़ता था, अब विदेशी भारत के लोगों का अपॉइंटमेंट लेते हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि बजट घोषणाओं और आर्थिक प्रावधानों का दस्तावेज भर नहीं हो सकता है, बल्कि बजट सरकार की कार्यशैली का प्रतिबिंब होता है। सरकार क्या चाहती है, सरकार कौन-सी दिशा में जा रही है, सरकार ने बजट में क्या कहा, सरकार का इस कथन के पीछे उद्देश्य क्या है, कुल मिलाकर, एक साल का शॉर्ट टर्म प्लान होता है और उसके साथ-साथ लॉन्ग टर्म विजन उसमें से दिखाई देता है।

### दुनिया मिलावट से परेशान

डॉ. मांडविया ने कहा, आज कल दुनिया मिलावट से परेशान हैं। बहुत से लोग इससे कई बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसलिए अब प्राकृतिक खेती पर जोर देने की आवश्यकता है। बजट में इसके लिए बड़ा प्रावधान किया गया है। श्री मांडविया ने कहा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, रोजगार, एंपावरमेंट पर ध्यान देना जरूरी है। देश की आबादी को सशक्त करने के लिए, डेवलप्ड कंट्री बनाने के लिए उसका उपयोग करके हम हमारे देश में उपार्जन कैसे करें हमारे देश के युवाओं में रही शक्तियों को कैसे सपोर्ट करें, उसको रोजगार का अवसर कैसे मिले, हर युवा के लिए रोजगार का अवसर मिले, इसलिए देश में इस बजट में 5 साल में चार करोड़ युवाओं को रोजगार देने के लिए कार्यक्रम तय किया।

**मानसून सत्र में हमने जनता की समस्याओं पर सरकार को घेरा : महंत**

# बैज ने कहा- कांग्रेस पार्टी ने राज्य की जनता के हक की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पिछले पांच दिन राज्य की राजनीति के लिये तथा जनता के लिये महत्वपूर्ण रहे। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस पार्टी ने राज्य की जनता के हक की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ा। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ, किसानों, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के अधिकारों को हमारे विधायकों ने विधानसभा के अंदर सरकार को आईना दिखाया। राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था रोज-रोज हो रही लूट, डकैती, बलात्कार, हत्याओं की घटनाओं से प्रदेश में एक डर का माहौल बन गया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित किया।



**छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कांग्रेस समर्पित : महंत**

*नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, 5 दिन में 4 स्थगन पर चर्चा कराने को सरकार को बाध्य किया, यह हमारी बड़ी सफलता है। इसके पहले ऐसा नहीं हुआ। जनता की समस्याओं को तथ्यपूर्ण प्रस्तुत किया। बलौदाबाजार की घटना जिससे पूरा देश कलंकित हुआ इसमें भी हमने सरकार को घेरा।*

### विष्णु का सुशासन केवल विज्ञापनों में : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, ज्वलंत मुद्दों पर सदन के अंदर और बाहर जनता की लड़ाई लड़ा गया। बलौदाबाजार की घटना को आक्रामक तरीके से सदन में रखा। विष्णु सरकार रिमोट कंट्रोल सरकार है। चना, राशन नहीं पहुंचा पा रहे। महतारी वंदन का पैसा महिलाओं को नहीं मिल रहा है। महिलायें चक्कर काट रही है। प्रधानमंत्री आवास के बारे में हमारे सवालों के जवाब में सरकार ने कहा 1 भी आवंटन स्वीकृति नहीं मिला। होर्डिंग में 18 लाख आवास बन गये हैं। सरकार पूरी तरह विफल है। विष्णु का सुशासन विज्ञापनों में बस है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

NAVKAR JEWELLERS THE HOUSE OF BANGLES Presents
JOSH MEMBERS DAY I 2024
28 JULY 2024, SUNDAY
Atal Bihari Bajpayee Auditorium, Medical College, Raipur CG
BNI RAIPUR

BNI की अद्भुत बिजनेस नेटवर्किंग और प्रोफ़ेशनल थिंकिंग के जोश ने रायपुर में उड़ा दिये सबके होश




**बीएनआई व्यापारियों का एक अंतर्राष्ट्रिय संगठन है, जो बिजनेस रेफरल प्रोग्राम द्वारा अपने सदस्यों को प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं व्यापार को बढ़ाने के अवसर देता है। बीएनआई भारत में 130 शहरों में मौजूद और विश्व में 79 देशों में है। यह संस्था 39 साल पुरानी विश्व की सबसे बड़ी बिजनेस रेफरलऑर्गनाइजेशन है।**

रायपुर में बीएनआई के 12 चेप्टर है, जिनमें रायपुर के कुल 750 से अधिक व्यापारी सदस्य हैं। बीएनआई रायपुर के अलावा दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर साऊथ, के साथ रायगढ़, कोरबा, राजनंदगांव, जगदलपुर, अंबिकापुर में न्यू चेप्टर का गठन किया जा रहा है। जिसके लगभग 1100 सदस्य छत्तीसगढ़ में है। अभी रायपुर में 4 और नये चैप्टर बनाये जा रहें है। अगामी समय में टोटल 16 चेप्टर हो जायेंगें। GIVERS GAIN फिलोसोफी के साथ बीएनआई के सदस्य एक दूसरे से जुड़ कर अपने व्यवसाय को बढ़ाते हैं। बीएनआई रायपुर द्वारा, 28 जुलाई 2024 को आयोजित "जोश-2024" उत्सव, अटल बिहारी वाजपेयी, आडीटोरियम में उत्साह-उमंग से मनाया जायेगा। "जोश" बीएनआई का वार्षिक उत्सव होता है जिसमें हर सदस्य को अपनी भागीदारी व प्रतिभा दर्शाने का पूरा अवसर मिलता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाता है। "जोश 2024 में 10 से ज्यादा अलग-अलग क्षेत्रों के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर उपस्थित होने वाले हैं। जिसमें मुख्यतः मिस्टर हेमू स्वर्णा प्रेसिडेंट बीएनआई इंडिया, मिस्टर अतुल जोगलेकर एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर, बीएनआई पुणे ईस्ट व नॉर्थ, ग्लोबल मास्टर ट्रेनर और सीनियर डिस्ट्रिक डायरेक्टर बीएनआई इंडिया, के. वी. टी. रमेश एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर विशाखापटनम आदि शामिल होंगे। रायपुर रीजन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राजेश बाईस्या एवं श्रीमती श्वेता बाईस्या इस अवसर पर "जोश" में पधारे सदस्यों का और अधिक मेहनत कर अपने व्यवसाय में प्रगति करने वाले सदस्यों को प्रेरित करेंगे। जोश कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर श्री विजय कुमार कंकरिया, सुमित ग्रूप एवं शुभम के मार्ट रहेंगे। इस कार्यक्रम के चेयर मैन श्री राहुल यादव और मनीष अग्रवाल है। यह जानकारी बीएनआई के रिजनल मीडिया कॅडियेटर श्री नरेन्द्र सिन्हा जी से प्राप्त हुई

**नेटवर्किंग है नेक्स्ट लेवल बिज़नेस ग्रोथ का फंडामेंटल आईडिया**

बीएनआई में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित प्रशिक्षण दी जाती हैं जो व्यापार में आने वाले कठिनाइयों को दूर करती हैं जो व्यापार को बढ़ाने में सहायक होती हैं बीएनआई से ना केवल व्यापारिक बल्कि वक्तिगत विकास भी होता हैं। 'जोश' बीएनआई मेम्बर्स का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम है जहां सदस्य अपनी योग्यता अनुशार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करता है जहां बीएनआई सदस्यो द्वारा साल भर किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करता है उनको पुरस्कृत कर सम्मानित करता है।



मनीष अग्रवाल
प्रोग्राम चेयरमैन
बीएनआई जोश
मेंबर्स-डे 2024
मो. 9424200585

**संगठन की शक्ति से समृद्धि के द्वार खुलेंगे।**

BNI छोटे बड़े सभी तरह के व्यापार के लिए सहायक है, जो भी अपने व्यापार को बढ़ाना चाहते है या नई दशा देना चाहते है सभी के लिए BNI एक उपयुक्त माध्यम हैं। 79 देशों में अपनी जबरदस्त पहुँच के साथ BNI व्यापार और व्यापारियों एक नेटवर्किंग समूह है। यह विश्व की एक मात्र संस्थान है जहाँ सभी सदस्य एक दूसरे की मदद कर व्यापार बढ़ाने में अग्रसर रहते हैं।



राहुल जाधव
प्रोग्राम चेयरमैन
बीएनआई जोश
मेंबर्स-डे 2024
मो. 9977500300

MAIN SPONSOR Ambience Nature
BNI RAIPUR REST OF CHHATTISGARH
OUTDOOR MEDIA SUPPORT GRACEFUL MEDIA (I) PVT. LTD. Grow Gracefully...
CO-SPONSORS
Akhill M Business Coach | TATA MOTORS MAHADEVA VEHICLES | FOOD SOLUTIONS THE CATERERS | TEJOMAYA DESIGNS
ASSOCIATE SPONSORS
M/s Mahek Metals | HEALTH CARE & PILES CENTRE | MAGNETO CEMENT | LEXCRU | Marble Palace | RAIPUR | EMOTIONS By DARSHAN
BEVERAGES | COFFEE | PHOTOGRAPHY & VIDEOS | DIGITAL MARKETING | GRAPHIC DESIGNING | LED HYDRAULIC VAN(MEDIA) | SELFIE BOOTH | PACKAGED DRINKING WATER | GIFTING | FOOD HAMPERS | TENT | TRAVEL
PARTNERS Gift Point | FX FACTORY | maa | Whiteboard | FUEL | BONDIA | Gift Point | Shagun Tent | Rahul Travels

## खबर संक्षेप

### खेल संघ एवं जिला ओलंपिक संघ का मिलन समारोह, बैठक भी



**रायपुर।** यूनियन क्लब रायपुर में शनिवार को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल संघ एवं जिला ओलंपिक संघ का मिलन समारोह एवं बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों से पदाधिकारी एवं राज्य संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। यह बैठक खेल समूह के मिलन समारोह के गुरुचरण होरा द्वारा आयोजित बैठक में अनिल पुसदकर द्वारा छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के आगामी चुनाव में महासचिव पद के लिए गुरुचरण सिंह होरा का नाम सदन के समक्ष रखा, जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारी ने उनका समर्थन किया। बैठक में अनिल पुसदकर, जीएस बांभरा, नौशाद खान, विनोद राठी, कुलदीप जुनेजा, समीर खान, दलजीत सिंह, अभिजीत मिश्रा, ज्योति सिंह, प्रमोद सिंह ठाकुर, अनिल द्विवेदी, जितेन तिवारी, इमरान खान, अतुल चोपड़ा, अनिल खोबरागड़े उपस्थित हुए।

### अभिजीत ने जीता अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और भारत में स्टार्टअप और उद्यमिता विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अभिजीत शर्मा ने बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित एक भव्य समारोह में एशिया लीडरशिप फेडरेशन द्वारा एंटरप्रेन्योरियल मेंटर ऑफ द ईयर का अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार 26 जुलाई को प्रदान किया गया।

### स्कूली बच्चों ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली



**रायपुर।** सरस्वती शिक्षा मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल और एमएमडी हायर सेकेंडरी स्कूल छत्तीसगढ़ नगर के तत्वावधान में बच्चों द्वारा विशाल पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली स्कूल से हरिभूमि प्रेस, सिद्धार्थ चौक से टिकरापारा थाने होते हुए वापस स्कूल पहुंची। बच्चों में काफी उत्सुकता रही और पैरेंट्स भी इसके लिए जागरूक हुए। इसी दौरान टिकरापारा थाने में भी बच्चों ने पौधारोपण किया और सभी लोगों द्वारा अधिक से अधिक पौधे लगाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। इस रैली में मैनेजिंग डायरेक्टर शरद दुबे, प्राचार्या इंद्राणी दुबे, शिक्षक धनंजय महापात्र, रेणु गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## निधन

### गोविंद दास अग्रवाल



**रायपुर।** सृष्टि प्लाजो निवासी रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर गोविंद दास अग्रवाल (84) का 26 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे डॉ. चंदन अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल के पिता थे।

### बीरेंद्र शर्मा



**रायपुर।** सेवानिवृत्त सीएसपी बीरेंद्र शर्मा का 27 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जुलाई को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. प्रयागदत्त शर्मा पंडरिया वाले के पुत्र और स्वप्निल शर्मा, स्नेहिल शर्मा पंडरिया वाले के पिता थे।

### गोमी देवी कानिया



**रायपुर।** मोवा निवासी गोमी देवी कानिया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गोवर्धन दास, नामदेव, शंकरलाल, ठाकुरदास, बाबूराम, लालचंद, श्रवण, वालूराम, कन्हैयालाल कानिया के पिता थे।

# पूरा हो चुका जुलाई का कोटा, अभी चार दिन तक जारी रहेगा वर्षा का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करीब पांच साल बाद प्रदेश में जुलाई के महीने में होने वाली बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ अब तक की कुल वर्षा के मामले में पांच प्रतिशत से अधिक की स्थिति में आ गई है। राज्य में अब तक 538 मिमी. बारिश हो चुकी है जो औसत 519 से अधिक है। अगले चार दिन तक मानसूनी गतिविधि जारी रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार 31 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश होगी, इसके बाद अगस्त की शुरुआत में इसकी गतिविधि बढ़ने की संभावना बन रही है। पिछले चौबीस घंटे में मानसून की सक्रियता बनी रही और कुछ शहरों में भारी बारिश भी हुई। शहर में इसकी मौजूदगी नजर आई। दोपहर को हल्की वर्षा हुई, फिर शाम होने के बाद पुनः बूंदाबांदी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। आंकड़ों के अनुसार इस बार जुलाई में मानसून की कृपा छत्तीसगढ़ में बनी हुई है। कई साल से जुलाई का महीना औसत से कम बारिश के साथ बीतता था। इस बार लगभग दो सेमी. ज्यादा बारिश हो चुकी है। चार दिन में यह वृद्धि का अंतर और बढ़ेगा। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ हिस्से में अच्छी बारिश हुई है। इसमें भैरमगढ़ में 15, सिमगा एवं कुटरू में 14, पथरिया में 10, सुहेला में 9, शंकरगढ़, भाठापारा, पंखाजूर, बलौदा तथा गीदम में आठ सेमी. तक बारिश हुई है। रायपुर में वर्षा का आंकड़ा दो सेमी. में सिमट गया।

**रुक-रुककर बरसे बादल, शहर में भी होती रही बूंदाबांदी**







### टेंडर में 3 एजेंसी ने दिखाई रुचि, जल्द तय होगी एजेंसी

# पुजारी पार्क के पास वेंडिंग जोन पर ऐतराज बूढ़ापारा, पाम ब्लाजियो के सामने बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एजेंसी तय होने से पहले प्रस्तावित स्थल के परिवर्तन की मांग



शहर के गांधी उद्यान के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन प्रस्ताव पर ऐतराज के बाद इसके निरस्त होने से अब टिकरापारा स्थित पुजारी पार्क के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन के स्थल परिवर्तन की मांग होने लगी है। स्थल परिवर्तन संबंधी प्राप्त पत्र को निगम आयुक्त के पास विचार के लिए भेजा गया है। वहीं बूढ़ापारा के पुराने धरना स्थल और पाम ब्लाजियो के सामने और जब्बार नाला के समीप वेंडिंग जोन विकसित करने बुलाई गई निविदा में छत्तीसगढ़ से 3 एजेंसियों ने रुचि दिखाई है, टेंडर दो-तीन दिन में खोला जायेगा, इसके बाद एजेंसी तय होगी।

शहर में फुटकर विक्रेताओं को सुव्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में 3 स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने सर्वे के बाद स्थल तय किया गया है। एजेंसी तय होने से पहले प्रस्तावित स्थल को लेकर स्थल परिवर्तन की मांग होने लगी है। शुरुआत में गांधी उद्यान के सामने वेंडिंग जोन के प्रस्ताव को लेकर स्थानीय रहवासियों ने भीड़भाड़ वाली सड़क पर वेंडिंग जोन से ट्रैफिक जाम की समस्या पर ध्यान आकर्षित कराते हुए निगम प्रशासन और यातायात विभाग से प्रस्ताव निरस्त करने आग्रह किया। इस पर संज्ञान लेते हुए जनहित में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गांधी उद्यान के सामने खाली जगह पर वेंडिंग जोन का प्रस्ताव निरस्त कर दिया था। हाल ही में उन्होंने नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की बैठक शहर के 3 अलग-अलग स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने निविदा बुलाने के निर्देश दिए। इसके परिपालन में संबंधित विभाग ने निविदा बुलाई, पर एजेंसी चयन के पहले पुजारी पार्क के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन को लेकर स्थल परिवर्तन करने आग्रह पत्र मिला है।

**तीन स्थानों पर प्रस्तावित**

विदित जो शहर में जिन 3 स्थानों पर वेंडिंग जोन के लिए स्थल प्रस्तावित है, उनमें बूढ़ापारा का पुराना धरना स्थल शामिल है। इस जगह को सुरक्षित रखने महापौर एजाज ढेबर के निर्देश पर सुरक्षा के लिए दीवाल उठाई गई। वहां शहरवासियों के लिए छोटा सा बगीचा विकसित करने की योजना भी बनी। अब वहां वेंडिंग जोन प्रस्तावित है। इसके अलावा जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनेगा।

## पेज 11 के शेष

### कहीं जाम वालों के...

देर शाम को हर रोज लगता है जाम आबकारी विभाग ने शराब दुकानों से लगे स्थलों पर अहाता खोलने का ठेका शर्तों के साथ दिया है। इसके लिए अहाता के अंदर बैठकर शराब पीने की व्यवस्था की गई है, लेकिन देखा जा रहा है कि शराब खरीदने के बाद कई लोग अहाता के अंदर न बैठकर बाहर ठेला, ऑटो रिक्शा में बैठकर शराब पीने लगे हैं। यही नहीं, कई अहातों में पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण अहातों में जाने वाले लोग शराब दुकानों या अहाता के बाहर सड़कों पर ही गाड़ियां पार्क कर रहे हैं।

### केस-1...

रोज शाम करीब 6:30 से 7.30 बजे के बीच शराब लेने और अहाता में जाने वाले लोगों का दुकान के सामने से लेकर सड़क तक जमावड़ा लगा रहता है, साथ गाड़ियां भी दुकान के सामने पार्क की जा रही है।

### केस-2...

रहा था, वहीं अहाता खुलने के बाद यह जमावड़ा और बढ़ गया है। शराब खरीदने दुकान पहुंचने वालों के साथ अहाता जाने वाले लोगों की भाड़ी भीड़ हो रही है।

### भाठागांव में 63 एकड़...

हैं। इन शिकायतों के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी, जिसका फायदा उठाते हुए भू-माफिया ने भूमि पर काम करना शुरू कर दिया था।

### 7 लाख राशन कार्डों...

प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी भी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों के नवीनीकरण 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई सरकार बनने के बाद राशन कार्ड का नवीनीकरण करने का कार्य शुरू किया गया था।

### भूमि पर अब भी...

माफिया द्वारा लगाए लोहे का गेट को सिर्फ हटाने की कार्रवाई की, जबकि भूमि पर अब भी माफिया का कब्जा बना हुआ है। भूमि पर माफिया द्वारा लगाया गया सूचना बोर्ड, झोपड़ीनुमा घर, सीसीटीवी कैमरा तथा गेट के लिए बनाए गए सीमेंट के पिलर को अब तक हटाया नहीं गया है।

### छत देने का...

ठगी के शिकार लोगों के मुताबिक अभय तथा चेतना ने उन्हें कमल विहार सेक्टर-1 में क्रीम लोकेशन में मकान दिखाकर ठगी का शिकार बनाया।

**जेवर बेचकर पैसे दिए** - सोनिया पाल लालपुर में किराए के मकान में रहती है। वह निजी क्षेत्र में जॉब करती है। सोनिया के अनुसार अभय तथा चेतना ने उसे सस्ती दर पर कमल विहार में मकान दिलाने का झांसा देकर पौने तीन लाख रुपए की ठगी की है।

**दूसरी पार्टी होने का झांसा देकर लोगों से किया सौदा** - लोगों को ठगी की जानकारी नहीं मिल पाए, इसके लिए जालसाज लोगों से मकान का सौदा करने के समय यह कहता था कि मकान खरीदने वाला वह दूसरी पार्टी है। पहली पार्टी द्वारा मकान नहीं खरीदने पर जालसाज अपने नाम से रजिस्ट्री कराने का झांसा देता था।

### गंगरेल डेम से पानी...

तक पहुंचाया जाता है। बारिश के सीजन में गंगरेल डेम से पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि नदी-नाले से प्राकृतिक बहाव के साथ खारुन नदी में पहुंचने वाला रॉ वाटर इसके लिए पर्याप्त होता है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्राकृतिक स्त्रोतों से जल आपूर्ति होने से नगर निगम को प्रति माह औसतन 1 करोड़ 30 लाख रुपये की बचत होगी।



## खबर संक्षेप



### लोक परीक्षा अधिनियम पर हुई कार्यशाला

**रायपुर।** लोकपरीक्षा (अनुसूचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 पर कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग नवा रायपुर में किया गया। केंद्र सरकार द्वारा पारित नए कानून के प्रावधानों के संदर्भ में आयोग के पैनल एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल द्वारा उक्त कानून के संबंध में व्याख्यान दिया गया। यह कानून 21 जून 2024 से भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है, जिसके तारतम्य में उत्तरप्रदेश तथा बिहार सरकार द्वारा भी इस एक्ट को राज्य की परीक्षाओं में लागू करने का अध्यादेश पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस कानून को लागू करने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। कार्यशाला में आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वर्मा, सदस्य डॉ. सरिता उईके, सदस्य संतकुमार नेताम एवं आयोग के सचिव पुष्पेंद्र कुमार मीणा, विधिक सलाहकार सुधीर कुमार, परीक्षा नियंत्रक लीना कोसम एवं विधि अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### शिवसैनिकों ने मनाया उद्धव ठाकरे का जन्मदिन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना यूबीटी द्वारा कोटा स्थित संजीवनी वृद्धाश्रम में शनिवार को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। शिवसैनिकों ने केक काटा और समस्त वृद्धजनों को भोजन कराया। सभी वृद्धजनों ने पार्टी प्रमुख के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस कार्यक्रम एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, शशांक देशमुख, संतोष मारकंडे, बल्लू जांगड़े, शिव लिमजे, मुरारी सोनी, प्रकाश यादव, घनश्याम यादव, यशराज ठाकुर, विशाल सोनी, पूनाराम साहू, सतीश निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

### दुबई में होमियोपैथी समिट में सम्मानित हुए डॉ. उत्कर्ष



**रायपुर।** दुबई में आयोजित विश्व होमियोपैथी समिट में राजधानी के होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 25 देशों के 150 होमियोपैथिक चिकित्सक शामिल हुए। डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को बेस्ट होमियोपैथिक गैस्ट्रोइंट्रोलोगिस्ट व चर्मरोग विशेषज्ञ अवार्ड से वेस्टइंडीज के प्रसिद्ध ऑलराउंडर क्रिस गेल के हाथों सम्मानित किया गया। डॉ. त्रिवेदी इससे पहले कई बार छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, बंगाल तथा राजस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मानित हो चुके हैं। कार्यक्रम में बतौर अतिथि क्रिकेटर क्रिस गेल, जोंटी रोड्स, ब्रेट ली, सनथ जयसूर्या, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर आदि शामिल हुए।

# युवाओं के स्टार्टअप समूह के सुझाव पर अब रांची का तालाब होगा साफ, 90 हजार ई-बॉल से गंदगी करेंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर के युवाओं की सुध बुध स्टार्टअप समूह के इनोवेशन सुझाव से अब रांची का सबसे बड़ा तालाब विवेकानंद सरोवर ई-बॉल की मदद से साफ किया जाएगा, जिसको लेकर कार्य शुरू भी हो चुका है। ई-बॉल प्रदेश के बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा का नवाचार है, जिसे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ यूपी, एमएपी, झारखंड, बिहार समेत विदेश के कई शहरों में तालाब को साफ करने उपयोग में लाया जा चुका है। बता दें कि रांची नगर निगम ने तालाब की सफाई के लिए देशभर में सुझाव मंगाया था, जिसमें सुधबुध स्टार्टअप समूह ने ई-बॉल का सुझाव दिया, जो अधिकारियों को काफी पसंद आया। बायोटेक वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में तालाब को साफ करने पहले दिन 8 हजार बॉल डाला गया। समूह सदस्यों ने बताया कि सालभर में 90 हजार ई-बॉल डालकर इसे पूरी तरह से साफ किया जाएगा। अभी तक 450 तालाब में ई-बॉल तकनीक का उपयोग किया गया है। बायोटेक वैज्ञानिक के मुताबिक ट्रीटमेंट किए गए पानी के किसी भी प्रकार के उपयोग से जलीय जीवों और जानवरों में भी किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। उम्मीद जताई कि अगले 12 महीने में विवेकानंद सरोवर का पानी पूरी तरह स्वच्छ हो जाएगा।

## प्रदेश के बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत के मार्गदर्शन में विवेकानंद सरोवर किया जा रहा साफ

### हर 15 दिनों में डाला जाएगा ई-बॉल

पहले चरण में 15-15 दिनों के अंतराल में चार बार क्षेत्रफल के हिसाब से बैक्टीरिया और फंगस वाले ई-बॉल डाले जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में 30-30 दिन के अंतराल में चार बार तालाब में ई-बॉल डाला जाएगा। अंतिम चरण में 30-30 दिन के अंतराल पर तीन माह तक तालाब में ई-बॉल डाला जाएगा। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में स्थित गंदे तालाब की सफाई ई- बॉल तकनीक से करने का प्रयोग सफल रहा था। इसके बाद कई राज्यों में इसकी भारी मांग है।



### क्या है ई-बॉल तकनीक

ई-बॉल तकनीक से छत्तीसगढ़ के गंदे तालाबों की सफाई और कायाकल्प हुआ है। इसको लेकर वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत ने बताया कि ई-बॉल में लाभदायक सुक्ष्म जीव बैक्टीरिया और फंगस होते हैं। ये सभी पानी में उपलब्ध जैविक कचरे से नाइट्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड को भोजन के रूप में लेकर अपनी संख्या तेजी से बढ़ाते हैं। इसके साथ ही साथ पानी में मौजूद हानिकारक सूक्ष्मजीव को समाप्त कर पानी की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं। ई-बॉल के इस्तेमाल के बाद पानी की गुणवत्ता एचपी टीडीएस लेवल में तेजी से सुधार होने लगता है और इस प्रक्रिया में जलीय जीव वनस्पति प्रणाली प्रजाति और मानव समुदाय को भी किसी प्रकार की हानि नहीं होती।

## राज्य में 364 हमर क्लीनिक की योजना, 117 अभी अस्तित्व में ही नहीं

# फंड के अभाव में पूरी तरह नहीं बन पाया हमर क्लीनिक

## केंद्र से तीन सौ करोड़ मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

निजी क्लीनिक में जाकर पैसे खर्च करने के बजाए सरकारी संस्थान में इलाज कराने बनाई गई हमर क्लीनिक की योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है। 117 संस्थान को अस्तित्व में लाने के लिए केंद्र सरकार से तीन सौ करोड़ मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा योजना की दो वार्षिक किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है।

झोलाछाप डाक्टरों की पूछपरख को कम करने और गली- मोहल्ले में एमबीबीएस वाला डाक्टर बिठाने के लिए हमर क्लीनिक की योजना बनाई गई थी। इसके तहत शहरी इलाकों के उप स्वास्थ्य केंद्र को हमर क्लीनिक बनाना था। यहां मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाज और निशुल्क दवा की सुविधा दी जानी थी। राज्य में योजना के तहत 364 हमर क्लीनिक बनाए जाने थे, जिसमें 117 योजना के तीन साल बाद भी अस्तित्व में नहीं आ पाया है। इसकी वजह से संबंधित इलाकों में रहने वाले मरीजों को अभी भी इलाज के लिए निजी क्लीनिकों में जाकर पैसे खर्च करने पड़ रहा है। इन हेल्थ सेंटर के निर्माण में होने वाली देर की वजह पैसे का अभाव बताया गया है। पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा योजना के तहत पिछले दो साल की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जो तीन सौ करोड़ के आसपास हैं।




### कई में डाक्टर नहीं

योजना के तहत हमर क्लीनिक में एक डाक्टर, एक नर्सिंग स्टाफ, एक मेल एमपीडब्लू, एक डेटा एंट्री आपरेटर तथा चतुर्थ वर्ग कर्मचारी की नियुक्ति की जानी थी। डाक्टरों की नई नियुक्ति नहीं होने की वजह से कई इलाकों में नर्सिंग सहित अन्य स्टाफ मरीजों का इलाज कर रहा है तो कही पैरामेडिकल स्टाफ यह काम पूरा कर रहा है।

### जिले में पचास

रायपुर जिलेमें 76 स्थानों पर हमर क्लीनिक खोले जाने थे में जिसमें से पचार खुल पाए हैं। इनमें 36 स्थानों पर एबीबीएस डाक्टर की नियुक्ति की जा चुकी है। करीब दर्जनभर पुराने डाक्टरों के अध्ययन अवकाश में जाने की वजह से व्यवस्था प्रभावित हुई है। यहां नए डाक्टरों की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है।

### मांगा गया अनुदान

हमर क्लीनिक के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार से अनुदान राशि की मांग की गई है। 117 में से 23 अभी अस्तित्व में नहीं आ पाए है कई काम का अभी प्रारंभिक स्तर पर चल रहा है और कुछ का काम पूरा होने के कगार पर है। विभागीय के स्तर पर भी यह स्वीकार किया गया है कि हमर क्लीनिक शुरू नहीं होने की वजह स्वास्थ्य व्यवस्था पर आंशिक असर हुआ है।

# आठ वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर 2190 आवेदनों का स्थल पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में आम जनता की मूलभूत समस्याओं का स्थल पर निराकरण करने शनिवार से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ हुआ। पहले दिन नगर निगम के 8 वार्डों में शिविर लगाया गया, जिसमें 2190 आवेदनों का स्थल पर निराकरण हुआ। शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर एजाज ढेबर, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, आयुक्त अबिनाश मिश्रा पहुंचे।

- आंबेडकर भवन के शिविर में मिनटों में बनाकर दिया जरूरतमंद महिला को बीपीएल कार्ड

जोन 1 के बंजारी माता वार्ड के भनपुरी बाजार स्कूल परिसर में शिविर लगाया गया, जिसमें राशनकार्ड, आधारकार्ड, पेंशन और स्वरोजगार से जुड़े आवेदन लेकर आवेदन पहुंचे। इसी तरह जोन 2 के जोन कार्यालय में लगाए गए शिविर में अलग-अलग स्टॉल में आवेदकों का आवेदन लेने और स्थल पर निराकरण करने विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जोन 4 के सिविल लाइन वार्ड के आंबेडकर भवन में लगाए गए जनसमस्या निवारण शिविर में शीला यादव ने बीपीएल राशनकार्ड बनवाने आवेदन दिया। आवेदन के कुछ मिनटों बाद उन्हें बीपीएल राशनकार्ड बनाकर दिया गया। इसी तरह सोहरीन बाई का अंत्योदय कार्ड उन्हें स्थल पर प्रदान किया गया।

जोन 6 के शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, जोन 2 व जोन 4 के शिविर में महापौर एजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और जोन 5 के शिविर में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा शिविर का अवलोकन करने पहुंचे। जोन के शिविर में 501 आवेदन प्राप्त हुए, जोन 2 में 234 आवेदन और जोन 3 के शिविर में 61 आवेदन प्राप्त हुए।

नगर निगम जोन 5 कार्यालय में शनिवार को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने अपने परिवार का एपीएल राशनकार्ड बनवाया, जिसे उन्हें मिनटों में बनने के बाद महापौर एजाज ढेबर ने प्रदान किया। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जनसमस्या निराकरण शिविर में शामिल होकर आवेदकों से बातचीत की।

शिविर में पार्षद कमलेश वर्मा, चंद्रपाल धनगर, वीरेंद्र देवांगन, नीलम जगत, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता उपस्थित रहे।

# ईओडब्लू, एसीबी जुआ सट्टा की भी जांच करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आय से अधिक संपत्ति, आर्थिक अनियमितता तथा भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने वाली राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू तथा एसीबी अब जुआ, सट्टा से जुड़े मामलों की भी जांच करेगी। राज्य सरकार ने नियमों में संसोधन करते हुए इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने दोनों एजेंसियो के अधिकार क्षेत्र में यह बढ़ोतरी महादेव सट्टा एप केस की जांच के लिए की है।

- महादेव सट्टा संचालन करने वालों पर कसेगा शिकंजा

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप मामले की जांच राज्य सरकार ने ईओडब्लू तथा एसीबी को सौंपा है। जांच के दौरान ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने महादेव सट्टा संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी भी की है। सट्टा संचालित करने वालों के खिलाफ ईओडब्लू सीधे तौर पर कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। सट्टा संचालित करने वालों के खिलाफ पुलिस अलग से जांच करती है। पुलिस जांच के दौरान कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिसमें सट्टा संचालित करने वाले सीधे तौर पर महादेव सट्टा एप से जुड़े थे। जरूरत पड़ने पर पुलिस की जांच के आधार पर ईओडब्लू, एसीबी की टीम कार्रवाई करती है। गौरतलब है कि ईओडब्लू, एसीबी राज्य पुलिस का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन काम करता है। इस वजह से यह एजेंसी पुलिस को प्राप्त सभी अधिकारियों का प्रयोग नहीं कर पाती है।

# महापौर ने कहा- आकाओं को खुश कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने कहा है, राजनीतिक द्वेष के कारण उन एफआईआर हुई है। चोट मुझे लगी और केस भी मुझ पर। यह गलत है, भाजपा के वीडियो जारी करने के बाद पुलिस अपने आकाओं को खुश करने के लिए ऐसा कर रही है। गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में महापौर एजाज ढेबर ने ये बातें कही।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें बदनाम कर रही है, 24 जुलाई को कांग्रेस पार्टी के आंदोलन को लेकर श्री ढेबर ने कहा वहां प्रदर्शन के दौरान हजारों लोग थे, जिसमें सिर्फ भाजपा ने मुझे ही धक्का-मुक्की करते देखा। उन्होंने एक वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें स्पष्ट दिख रहा है कि पुलिस वाले मुझे धकेल रहे हैं, चोट मुझे आई है, किंतु एफआईआर भी मुझ पर ही हो रही है।



महापौर ने एफआईआर होने के बाद ली पत्रकारवार्ता

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण की लड़ाई हमने लड़ी है, इसलिए भाजपा राजनीतिक द्वेषवश ऐसा कर ही है। पत्रकार वार्ता में रायपुर शहर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष गिरीश दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, महेंद्र छाबड़ा और राधेश्याम विभार मौजूद रहे।

# टीम कैट ने केंद्रीय मंत्री मांडविया को बजट में संशोधन के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात कर केन्द्रीय बजट 2024-2025 में संशोधन करने कैट सीजी चैप्टर की ओर से सुझाव दिया।

- केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से की मुलाकात

कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने बताया कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गत दिनों केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया। बजट में संसोधन के लिए कैट सी.जी. चैप्टर ने इन बिंदुओं पर सुझाव दिये :-

- नये टैक्स स्लैब 3 से 7लाख आमदनी पर 5 फीसदी है, इसे बढ़ाकर 10 लाख तक किया जाना चाहिए।
- वेतनभोगी कर्मचारियों को मानक कटौती 50 हजार रूपये की जगह 75 हजार रूपये केवल न्यू टैक्स रिजिम वालों के लिए किया गया है, जिसे बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये किया जाये।
- शेयर जैसी वित्तीय प्रतिभूतियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर 10 फीसदी से बढ़कर 12.5 प्रतिशत किया गया है, इसी तरह अल्पकालिक पूंजीगत लाभकर की दर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गई है। इस प्रकार के निवेश के कारण निवेश में कमी आएगी, इसलिए इसे पूर्व की तरह रखा जाए।



केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात करने वालों में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी जितेन्द्र दोशी, मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, मुकेश मोटवानी, राकेश ओचवानी, निलेश मुंदडा, प्रीतपाल सिंह बग्गा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## डॉक्टरों की लापरवाही से हुई रोहन की मौत, समाजजनों ने लगाया आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज के पदाधिकारियों ने एमबीबीएस छात्र रोहन बांधेकर की मौत मामले में संबंधित डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मेडिकल लाइन में इसे हार्ट अटैक कहा जा रहा है, लेकिन हमारा मानना है कि रोहन की मौत हार्ट अटैक नहीं है। समाज का मान बढ़ाने वाला होनहार नवजवान को हमने डॉक्टरों की लापरवाही से खो दिया है। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरे, बालाराम कोलहे, रामेश्वर राठौर, नंदूराम राडेकर, केएल चौधरी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में ये बातें कही। पत्रकारों से चर्चा में समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार रोहन की मौत मामले में संबंधित जनों पर कार्रवाई नहीं करती, तो रविदास समाज सड़क की लड़ाई लड़ने बाध्य होगा। इस संबंध में प्रदेशभर के समाजजन अपने-अपने जिले में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग करेंगे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक आज, बनेगी आंदोलन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रांतीय बैठक राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय शंकर नगर रायपुर में रविवार को आयोजित की गई है। कर्मचारियों के संबंध में चुनाव के समय मोदी की गारंटी, लंबित महंगाई भत्ता और उन पर दिए जाने वाले एरियर्स को जीपीएफ खाते में जमा करने की मांग शामिल है। बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रांताध्यक्ष और महामंत्री आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।

- मोदी की गारंटी सहित अन्य मांगों पर बनाएंगे रणनीति

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने सहित अन्य मांगों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, साथ ही भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने के मुद्दों पर रणनीति तय की जाएगी। विभिन्न संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं महामंत्री बैठक में शामिल होंगे।






02


देवी-देवताओं की उपस्थिति में महादेव ...

## एजूकेशन अपडेट

## दक्षिण रेलवे में निकली 2438 अप्रेंटिस की भर्ती, 12 अगस्त तक आवेदन



रायपुर। रेलवे अप्रेंटिस के मौकों का इंतजार कर रहे उम्मीदवारों के लिए काम की खबर है। दक्षिण रेलवे ने वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न ट्रेड में कुल 2400 से अधिक अप्रेंटिस की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। दक्षिण रेलवे द्वारा 18 जुलाई को जारी अधिसूचना के मुताबिक, विभिन्न वर्कशॉप, हॉस्पिटल और डिवीजन में कुल 2438 अप्रेंटिस की भर्ती की जानी है। इन पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से 12 अगस्त तक अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवार दक्षिण रेलवे द्वारा विज्ञापित अप्रेंटिस की भर्ती के लिए आधिकारिक वेबसाइट, sr.indianrailways.gov.in पर एक्टिव लिंक या नीचे दिए गए डायरेक्ट लिंक से भर्ती अधिसूचना डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही दिए गए अन्य लिंक से उम्मीदवार संबंधित ऑनलाइन एप्लिकेशन पोर्टल पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत उम्मीदवारों को पहले पोर्टल अपना पंजीकरण करना होगा और फिर पंजीकृत विवरणों से लॉग-इन करके उम्मीदवार अपना एप्लिकेशन सबमिट कर सकेंगे।

### 22 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए उम्र

दक्षिण रेलवे द्वारा जारी अप्रेंटिस भर्ती अधिसूचना के अनुसार फ्रेशर्स के मामले में किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ 10वीं/12वीं उत्तीर्ण (पदों के अनुसार अलग-अलग) उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। वहीं एक्सआईटीआई के मामले में 10वीं के बाद आईटीआई या एनसीवीटी किए उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु निर्धारित कट-ऑफ डेट पर 15 वर्ष से कम तथा 22 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। कुछ पदों के लिए अधिकतम आयुसीमा 24 वर्ष निर्धारित की गई है। दूसरी तरफ, अधिकतम आयुसीमा में आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी व अन्य विवरणों के लिए अधिसूचना देखें।

● बारिश में इंडोर गेम्स से खुद को फिट रख रहे हैं खेल के शौकीन, पहुंच रहे गेम सेंटर

# बारिश में बच्चों और खिलाड़ियों ने मैदान से बनाई दूरी स्पोर्ट्स बॉक्स में बैडमिंटन-वॉलीबॉल खेलने पहुंच रहे

*प्रदेश में मूसलाधार बारिश होने से विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने अभ्यास करने मैदान से फिलहाल दूरी बना ली है। शहर के साइंस मैदान व सप्रे स्कूल समेत डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के मैदान में रोजाना बड़ी संख्या में दौड़, क्रिकेट, कबड्डी के साथ बैडमिंटन, वॉलीबॉल व फुटबॉल खेलने खिलाड़ी पहुंचते रहे हैं। वर्तमान में मैदान में पानी भरा हुआ है। इस वजह से बच्चे व खिलाड़ी भी यहां आने से परहेज करने लगे हैं। हरिभूमि ने खिलाड़ियों के बातचीत की।*



### इनडोर गेम्स खेलने वालों की बढ़ी संख्या

विधानसभा रोड स्थित गेमिंग जोन में इनडोर गेम्स खेलने इन दिनों में 200 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। यहां माउंटेन गेम्स और कमांडो नेट के साथ क्रिकेट, शंतरज व कैरम जैसे खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। एडवेंचर गेम्स में बच्चे भी बुल राइडिंग, बंजी जंपिंग का लुत्फ उठा रहे तो वहीं युवावर्ग कमांडो नेट में चढ़ाई कर बच्चे ऊंचाई से चढ़ने का अपना डर दूर कर रहे हैं। इसके अलावा गेम्स के जरिए स्पोर्ट्स की विभिन्न गतिविधियों से युवा खुद को फिट रख रहे हैं। बारिश में मैदानी गतिविधियां बंद होने से खेल के शौकीन इनडोर गेमिंग जोन की ओर रुख कर रहे हैं, जो बच्चों को ज्यादा लुभा रहे हैं। इसी के चलते अब तेजी से इनडोर गेम जोन की संख्या में इजाफा भी हो रहा है।

रायपुर। ज्यादातर खिलाड़ी बारिश में इन दिनों इनडोर स्पोर्ट्स बॉक्स में पसीना बहा रहे हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि पहले बारिश के समय में खेल का अभ्यास प्रभावित होता था, लेकिन अब टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल की इनडोर एकेडमी है। यहां खिलाड़ी बारिश में नियमित अभ्यास कर सकते हैं।



टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि बारिश में भी रोजाना खिलाड़ी पहुंच रहे हैं। इनडोर सुविधा होने से खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं हो रही है। बारिश के कारण कई अन्य खिलाड़ी भी पहुंचने लगे हैं। इसके अलावा मोवा स्थित बैडमिंटन संघ के इनडोर कोर्ट में बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। क्रिकेट और फुटबॉल के लिए भी बड़ी संख्या में युवावर्ग स्पोर्ट्स बॉक्स किराए में बुक कर खेलने पहुंच रहे हैं।



### बारिश से बचने गेम सेंटर में बिता रहे समय

शहर के मॉल में इनडोर गेम्स की सुविधा है। लगातार बारिश के चलते यहां बच्चों और युवाओं को रुझान बढ़ा है। इन दिनों ज्यादा समय बच्चे इनडोर गेम सेंटरों पर बिताने लगे हैं। बच्चों को बॉलिंग एले से लेकर डांसिंग स्टेप्स, हीटिंग टार्गेट, कार रेसिंग, वॉलीबाल, जैसे गेम खूब लुभा रहे हैं। इस दौरान मैग्नेटो व सिटी सेंटर मॉल के गेम जोन में शाम के वक्त बच्चों की भीड़ बढ़ने लगी है। बारिश के चलते पैरेंट्स भी बच्चों को ऐसे गेम खेलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिससे मेंटल एक्सरसाइज हो सके। आउटडोर गेम से बच्चे का परफेक्ट फिजिकल वर्कआउट हो जाता है, पर मौसम को देखते हुए इंडोर गेम्स पसंद कर रहे हैं।



### बारिश में हर दिन स्पोर्ट्स बॉक्स की बढ़ी मांग

लगातार बारिश में शहर के इनडोर स्पोर्ट्स बॉक्स की मांग अचानक से बढ़ गई है। मोवा स्थित इनडोर बॉक्स में क्रिकेट और फुटबॉल खेला जा रहा है। सामान्य दिनों में केवल छुट्टियों के दिनों में यहां बुकिंग अधिक रहती थी, लेकिन बारिश के कारण अब बुकिंग दिनभर में बढ़ चुकी है। संचालन आशीष वर्मा ने बताया कि एक घंटे का 1500 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। इसमें एक साथ 10 से अधिक लोग क्रिकेट व फुटबॉल खेलते हैं। बारिश से बचकर खेलप्रेमी यहां घंटों समय बिताने लगे हैं। शहर में खेल बॉक्स में क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस और बैडमिंटन की एकेडमी बन चुकी है। ऐसे में बारिश में खेल प्रभावित नहीं हो रहा है।



## सिटी इवेंट

## जेल में हनुमान चालीसा-सुंदरकांड पाठ सुनकर बंदी आध्यात्मिक उत्थान से जुड़ रहे



रायपुर। केंद्रीय जेल रायपुर में सजा काट रहे बंदियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने तथा आध्यात्मिक उत्थान से जोड़ने के लिए प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीस और प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। इसके लिए जेल में रामायण मंडली बनाई गई है। इस मंडली में 60 बंदियों को रखा गया है। मंडली द्वारा मंगलवार और शनिवार के साथ त्योहारों के अवसर पर भी बैरकों में पाठ किया जाता है।

### आजीवन कारावास का बंदी पेरोल पर गांव की रामायण मंडली में होता है शामिल

रामायण मंडली में मुख्य गायक आजीवन कारावास की सजायाफ्ता बंदी बोधन है। बताया गया कि बंदी जब भी पेरोल पर घर जाता है, तो अपने गांव के रामायण मंडली में शामिल होता है, तो उसके गांव बाले भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं। गांव वाले भी उससे बोलते है कि इतना अच्छा रामायण जेल में रहकर सीखना अद्भुत है। उसने अपने गांव दियागढ़ थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ में भी रामायण मंडली का गठन किया है।

### 21 बंदियों ने गीता सीखी परीक्षा में हुए उत्तीर्ण

*जेल में प्रतिदिन गीता परिवार के माध्यम से बंदियों को एक घंटे तक गीता का ज्ञान तथा शुद्ध उच्चारण का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वर्तमान में 21 बंदियों द्वारा गीता सीखकर कंठस्थरीकरण करते हुए गीता परिवार द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।*

### आध्यात्म बना जीवन का आधार

*आजीवन कारावास की सजायफता बंदी चक्रधर जेल की मंडली में शामिल है। वह गीता सीखने के साथ रामायण का टीका करता है। आध्यात्म ही उसके जीवन का आधार बन गया है। प्रतिदिन गीता के श्लोकों का पाठ एवं उसके अर्थ की चर्चा वह प्रतिदिन शाम के समय में बैरक में अपने साथी बंदियों के साथ करता है। यह उसकी दिनचर्या में शामिल हो गया है तथा अन्य बंदियों को भी प्रेरित करता है। पेरोल में गांव में भी वह गीता, रामायण और पुराणों के बारे में चर्चा करता है।*

दो दिवसीय प्रदर्शनी में कई राज्यों से पहुंचे व्यापारी, हैंडमेड सजावटी वस्तुओं की डिमांड

## ‘मणिकर्णिका’ ने मचाई धूम, लड्डू गोपाल की पोशाक ने लुभाया

रायपुर। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा दो दिवसीय मणिकर्णिका का आयोजन किया गया। आयोजित प्रदर्शनी में देशभर के अनेक शहरों से व्यापरियों द्वारा लगभग 57 स्टॉल सजाए गए। इसमें मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, भिलाई, कोरबा, बिहार, एमपी जैसे अनेक शहर के लघु व्यापारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में साड़ी, बैग, गोल्डन-सिल्वर ज्वेलरी, बर्तन, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, हैंडमेड सजावटी वस्तुएं, राखी, लड्डू गोपाल की पोशाक के स्टाल सजे रहे। इस दौरान विजय अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, कैलाश मुरारका, अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल उपस्थित रहीं। शहर स्थित अग्रसेन धाम छोकरानाला में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां सावन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व राखी के लिए अनेक स्टॉल सजाए गए हैं। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से हैंडमेड वस्तुओं की डिमांड सबसे अधिक रही, इसमें घर की सजावटी वस्तुओं की संख्या बनी रही।



### क्ले आर्ट और हाईलाइटर राखी

रिया जैन ने बताया, स्टॉल पर हैंडमेड यूनिक वस्तुओं को रखा गया है। इसमें हैंडमेड राखी, लुंबा, बच्चों की डीआईवाय किट, हैंडमेड लिफाफे उपलब्ध हैं। इसमें लोगों की पहली पसंद हाईलाइटर व क्ले से तैयार की गई राखी है, जिसकी कीमत सौ रुपए से शुरू है। खरीदार राखी में यूजफूल वस्तुओं को खरीद रहे, जिसे बच्चों के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया है।

### इमिटेशन ज्वेलरी की डिमांड

स्टॉल संचालक भावना मोदी ने बताया, स्टॉल में इमिटेशन ज्वेलरी व श्रीकृष्ण की पोशाक उपलब्ध है, जिसमें स्टोन, मोती, जरी व कुंदन का वर्क किया गया है। स्टॉल में लड्डू गोपाल के पोशाक, पायल, बांसुरी, बाल, चूड़ी, मुकुट आदि हैं, जिसे लोग कस्टमाइज करा रहे। इसमें कोलकाता, दिल्ली, मुंबई से वस्तुओं को लाया गया है, जिसकी कीमत सौ रुपए से शुरू होकर 2 हजार तक तय की गई है। प्रदर्शनी में खरीदारों की पहली पसंद इमिटेशन ज्वेलरी व गड्डू गोपाल की हैवी पोशाक है, जिसमें विभिन्न प्रकार की डिजाइन लोग खरीद रहे।

## पढ़ाई से अधिक जरूरी हमारा स्वस्थ रहना रोजाना नृत्य करने से तनाव में कमी



रायपुर। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएएस, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में विद्यार्थी व शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण से किया गया। इस दौरान छात्रों के परिजन भी शामिल रहे, जिन्होंने 10 से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। विद्यार्थी परिषद के अलंकरण समारोह में विद्यालय कप्तान के रूप में बारहवीं के मुकुंद साहू व काजल रजक का चयन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, जिसमें एकल व समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी रुचि होना जरूरी

अतिथि डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा, स्कूली जीवन के बाद सभी अपने-अपने काम में लग जाएंगे। केवल विद्यालय की यादें ही रह जाएंगी। जीवन में अच्छा बनने के लिए पढ़ना जरूरी है, पढ़ाई से अधिक जरूरी हमारा स्वस्थ रहना है। पढ़ाई के साथ बचपन से ही खेल, संगीत, नृत्य, योग जैसी अनेक विधाओं में रुचि होना जरूरी है। रोजाना 10 मिनट नृत्य करने से व्यक्ति का तनाव कम हो जाता है।

शनिवार को स्कूलों में शिक्षकों ने मनोरंजक खेल से कराई पढ़ाई

## बैगलेस डे : स्कूल में बच्चों को खेल में सिखाई ज्ञान की बातें, योग, खेलकूद और संगीत में बीता पूरा दिन

कार्नर न्यूज

रायपुर। प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में नए सत्र का शुभारंभ हो गया है। साथ ही स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को बैगलेस डे की मनाया जा रहा है। इस दौरान सप्ताह के एक दिन बिना बैग के बच्चे स्कूल पहुंचते हैं, जहां योग, व्यायाम, खेल, जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान वेस्ट से बेस्ट, नाटक, नृत्य, गायन, मनपसंद खेल, सामान्य ज्ञान, मोटिवेशनल स्पीच, क्षेत्रीय खेल व अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिससे उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न एक्टिविटीज से जोड़ा जा सके। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शासकीय विद्यालयों में सात दिवसीय शिक्षा सत्र मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को रोजाना नवीन विषयों की जानकारी दी जा रही है। इसमें विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों से जोड़ा जा रहा, जैसे वृक्षारोपण, स्वच्छता, आसपास की समस्या, पर्यावरण स्पर्धा शामिल हैं।

### क्षेत्रीय खेल से बच्चों का परिचय

सरोना स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्यामल जोशी ने कहा, विद्यालय में ‘इको क्लब’ का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत कई योजनाओं पर कार्य किया जाता है। नई शिक्षा नीति द्वारा विद्यालय में सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा, इसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, गुरु पूर्णिमा, वृक्षारोपण, पेंटिंग, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गूगल मैप संबंधित जानकारी व क्षेत्रीय खेल कराए जा रहे हैं।





### प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी

भनपुरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के हेडमास्टर डॉ. छगन लाला ने बताया, प्रत्येक शनिवार छात्रों की रुचि अनुसार विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान शाला नायक और नायिका को कार्यक्रम के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जाती है। वर्तमान समय में विद्यालय में शिक्षा सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सामान्य ज्ञान संबंधित कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शनिवार वायरल संक्रमण डेंगू पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया, जहां प्रोजेक्टर के माध्यम से डेंगू क्या है? और इसके रोकथाम के उपाय छात्रों को बताए गए।

### छात्रों का कौशल विकास

संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया, प्रत्येक शनिवार बच्चों के कौशल विकास पर जोर दिया जाता है। इमसें एकाग्रता व बैलेंसिंग के उपाय, पेंटिंग, म्यूजिकल चैयर, हैंडराइटिंग, स्पीच, भाषा व खेल पर कार्य किया जाता है। जहां विद्यार्थी की पसंद अनुसार ही कक्षाएं संचालित की जाती हैं। इस शनिवार रैनी डे का आयोजन किया गया, इस दौरान नन्हें छात्रों को रंगों की पहचान कराई गई।

### न्योता भोज का आयोजन

कालीबाड़ी स्थित जेआर दानी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेश कुमार दीवान ने बताया, प्रत्येक शनिवार बैगलेस डे पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इस शनिवार न्योता भोज का आयोजन किया गया, जहां विद्यालय में मौजूद सभी छात्राओं को भोजन वितरण किया गया। भोज के दौरान सभी विद्यार्थियों ने एक साथ भोजन किया, इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। बैगलेस डे से पूर्व ही शनिवार के दिन प्रत्येक कार्य की सूची तैयार की जाती है, जिसके आधार पर कार्य किया जाता है।

## सिटी लाइव

# कुशल उद्यमी बनने स्टूडेंट्स से सीखे तरीके, शहर के 10 स्कूलों ने लिया हिस्सा




**रायपुर।** कांगेर वैली अकादमी में शनिवार को बीज पिच का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और एक कुशल उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि आनंद सिंघानिया ने विद्यार्थियों को कुशल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुल 14 विद्यालयों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सभी प्रकार की सेवाएं, बाजार का अवलोकन, डिजिटल इंटरनेट की दुनिया में आप कैसे जिंदा रह पाएंगे? खादी की महक खादी की पहचान, साउंड स्काउट, चॉकलेट, अपशिष्ट पदार्थों से उत्पादन करना, इलेक्ट्रिक साइकिल, मृदा रहित खेती, लोकल लूप, प्लास्टिक वस्तुओं का ईंट के रूप में पुनः प्रयोग, वायरलेस, टैक्स, पशुओं के संरक्षण एवं उपचार, विद्यालय के आगे वास्तविक जीवन का अनुभव एवं अन्य वायरलेस उत्पादों पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया।

### गुजराती स्कूल प्रथम

जूनियर समूह में कुल 10 विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें श्री गुजराती पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर समूह में 13 विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें कांगेर वैली एकेडमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं आरंभ स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम विद्यालय के मुख्य संरक्षक स्वरूपचंद जैन, चेयरमैन संजय जैन, सचिव राखी जैन, विद्यालय के निदेशक के. मोहंती, प्राचार्य अबिजित दास उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# महिलाओं ने सीखी एप्रॉन व व्यावसायिक वस्त्रों की सिलाई, मिलेगा रोजगार



**रायपुर।** छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला इकाई द्वारा हर हाथ को काम के अंतर्गत महिलाओं को सिलाई मशीन का प्रशिक्षण देने शिविर लगाया गया। 35 महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया। महिला चेम्बर अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। महामंत्री सुमन कन्नौजे ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। समाज व देश के विकास में महिलाओं की आत्मनिर्भरता मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम संयोजक सविता शर्मा ने बताया कि महिलाएं गृहणी होने के साथ



ही अपने परिवार की अर्थ व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। ट्रेनर गीता ने सभी महिलाओं को पेटीकोट, गाउन, ऐप्रोन व अन्य व्यवसायिक वस्त्र सिलना व बनाना सिखाया। इस दौरान पुष्पलता कर, टीना सातपुते, माधुरी पराशर, विजय लक्ष्मी शाह व अनेक महिलायें उपस्थित थी।


## समाज इवेंट

# मंदिर नहीं जाने हर समय बहाना तैयार अच्छे कार्य के लिए कभी पीछे न हटें

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास के आठवें दिन शनिवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि ने कहा कि किसी काम को नहीं करने के लिए आप सौ बहाने बना सकते हैं और जो काम आपको करना होता है, उसके लिए तो आप कभी बहाना नहीं बनाते। दुकान जाने, ऑफिस जाने के लिए आप बहाने नहीं बनाते। वहीं अगर आपको मंदिर जाना हो या फिर कोई मेहमान घर आए तो आप दुकान और ऑफिस का बहाना बनाकर निकल जाते हो। उन्होंने कहा कि लोगों के पास हर एक बात के लिए बहाना होता है, परंतु किसी को अपनी दुकान जाना हो तो क्या वह बहाना करता है। भले ही नौकर बहाना करें पर मालिक कभी नहीं कर सकता। मंदिर जाने के लिए भी लोग घरवालों से कहते हैं कि मेरे तरफ से भी आप लोग मंदिर चले जाना। बहाना हमारे पास हर समय तैयार होता है। आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और महासचिव नरेश बुरड़ ने कहा कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक मुनिश्री की प्रवचन श्रृंखला जारी है।

### खुद से कहो- मैं आत्मा हूं

उन्होंने आगे कहा कि अपने आप से कहो कि मैं आत्मा हूं। जितने बार आप यह बोलोगे, आप खुद के अंदर जाते जाओगे। एक लट भंवरे के आजू-बाजू मंडराती है, पर जब उसे लगता है कि यह भंवरा गुनगुना रहा है तो वह भी कोशिश करने लगता है। कुछ समय बाद वह भी गुंजाने लगता है। अगर कोई जीव बार-बार पुरुषार्थ करता है तो एक दिन वह भी भंवरों की तरह गुंजाना सीख लेता है तो हम भी अगर बार-बार बोलेंगे कि मैं आत्मा हूं तो धीरे-धीरे कुछ दिन बाद अंदर से आवाज आने लग जाएगी। आप बाहर का राग भूलने लगोगे। आपसे कोई पूछता है कि आप कौन हैं तो उसे आप अपना नाम बताने लग जाते हो। आप आत्मा को ढंकने वाले इस शरीर का परिचय देते हो। जबकि यह आपका असली नहीं, बाहरी परिचय है।



## छग पंजाबी सनातन सभा के सदस्यों ने शिव पार्वती विवाह थीम पर किया आयोजन

# देवी-देवताओं की उपस्थिति में महादेव ने रचाया विवाह

"प्रत्येक वर्ष सावन के पावन महीने में छग पंजाबी सनातन सभा के सदस्यों द्वारा नई थीम पर आयोजन किया जाता है। इस वर्ष शिव-पार्वती विवाह थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभा के सदस्य शिव भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम में भगवान शिव मीनू चंगा, मां पार्वती तृप्ति खुराना, नारद पूनम, ब्रह्मा संध्या चंगा, विष्णुजी ज्योति चंगा किरदार में नजर आए।

रायपुर। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने शिवपुराण के दृश्य को प्रस्तुत किया। साथ ही व्याख्यान के दौरान भगवान की शक्ति व महिमा को व्याख्या की गई। कार्यक्रम के दौरान बाबा भोले की बारात निकाली गई, जहां कई देवी-देवताओं के किरदार शामिल हुए। बारात के पश्चात भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह कराया गया। सावन उत्सव में नौ देवियों के महत्व व महिमा की व्याख्या की गई। इस दौरान प्रत्येक देवी मां के महिमा को विस्तार से बताया गया।



### सावन उत्सव पर नई थीम

प्रत्येक वर्ष सावन के अवसर पर सभा की महिलाओं द्वारा नवीन विचारों के साथ कार्यक्रम का संचालन किया जाता है। सभा की अध्यक्ष मीनू चंगा ने बताया, इस वर्ष नई थीम पर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की तुलना में इस वर्ष का आयोजन सभी सदस्यों के लिए यादगार रहेगा। जहां सभी किसी न किसी देवी-देवता के रूप में नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम से एक माह पूर्व ही इसकी तैयार जारी रही, जहां लोग अपने किरदार के लिए काफी उत्साहित थे। कार्यक्रम में व्याख्यान प्रस्तुति के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला को बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नौ देवियों के नौ स्वरूपों के नृत्य के साथ शुरू हुई, जो आकर्षण का केंद्र रही। सभी महिलाएं देवी स्वरूप के अनुसार ही आभूषण व पोशाक के साथ नजर आईं।





### नौ देवियों का स्वरूप

*मां दुर्गा के अनेक स्वरूप है, जिसमें कुछ मुख्य स्वरूपों का दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती सौम्या सेठी, मां गंगा ममता, मां काली शिवानी बहल, नीलम आहूजा, श्वेता, सौम्या, मधु, अर्चना व खुशबू ने मां के नौ स्वरूपों की प्रस्तुति दी। इस दौरान नन्हे बच्चों को भी मां दुर्गा की सवारी बाघ बनाया गया।*



### शिव महिमा पर व्याख्यान

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा 'शिव-पार्वती' विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभा की यूथ महिला विंग की सदस्य अनेक भगवानों के किरदारों के साथ नजर आई। जोरा स्थित पंजाबी केसरी भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां भोले की बारात व मां पार्वती के नौ स्वरूपों को दृश्य देखने को मिला। इस दौरान श्रीकृष्ण लीला व भगवान शिव की महिमा पर व्याख्यान किया गया।




# पहली बार 101 श्रावक-श्राविकाओं ने शुरू किया सिद्धि तप, 44 दिन अनुष्ठान के साथ चलेगा उपवास क्रम



**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में आत्मोल्लास चातुर्मास-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को 101 श्रावक-श्राविकाओं ने सिद्धि तप शुरू किया। चातुर्मास के दौरान रायपुर में यह पहला मौका है, जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सिद्धि तप किया जा रहा है। रायपुर के पुत्ररत्न, मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी, ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी, कार्यकुशल साध्वी रत्ननिधि श्रीजी और प्रवचन प्रभाविका साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी आदि ठाणा की पावन निश्रा में तपस्वियों ने प्रभु की पूजा-अर्चना की और तपस्या निर्विघ्न पूर्ण करने की प्रार्थना की एवं प्रभु के आशीर्वाद के साथ शनिवार को सिद्धि तप की शुरूआत हुई।



तपस्वियों ने मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ प्रदक्षिणा की। इसी क्रम में खैरागढ़ के संभव लूनिया ने संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति दी। सिद्धि तप की शुरुआत के अवसर पर मुनिश्री ने प्रवचन के माध्यम से तप की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सिद्धि तप करने से एक उपवास से एक, दो उपवास से दस, तीन उपवास से 100, चौथे उपवास से एक हजार, पांचवें उपवास से 10 हजार, छठवें उपवास से एक लाख, सातवें उपवास से 10 लाख और आठवें उपवास की श्रृंखला पूरी करने से एक करोड़ उपवास का लाभ मिलता है। सभी उपवास पूरे करने पर एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार ग्यारह उपवास का लाभ तपस्वी को मिलता है।

### क्या है सिद्धि तप

सिद्धि तप 44 दिनों का होता है और इसे जैन धर्म में महातप माना जाता है। तप की शुरुआत एक दिन के उपवास से होती है और अगले दिन व्यासना होता है। फिर दो दिन का उपवास और अगले दिन व्यासना होती है। फिर तीन दिन उपवास और व्यासना, उसके बाद चार दिन उपवास और व्यासना ऐसा करते हुए यह क्रम सात दिनों के उपवास पर थमता है और आठवें दिन पारणा किया जाता है। व्यासना के दौरान दिन में दो बार भोजन ग्रहण किया जाता है और उसके बाद सूर्यास्त तक केवल गर्म पानी पीने का नियम होता है।

### बच्चों का रविवारीय शिविर आज

श्री संभवनाथ जैन मंदिर प्रांगण में रविवारीय संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। यह संस्कारीय शिविर पांच रविवार चलेगा, जिस क्रम में आज 28 जुलाई को ट्रूथफुलनेस यानी सच्चाई के विषय में बच्चों को बताया जाएगा और खेल-खेल में बच्चों को सरलता के साथ जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। शिविर में 6 से 16 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों को स्मार्ट बनाना, उनके नैतिक मूल्यों को विकसित करना और बेहतर समाज बनाने में उनकी भूमिका के बारे में अवगत कराना है।

# बच्चों को नैतिक शिक्षा से संस्कारवान बनाना जरूरी, शाला में दे रहे व्यावहारिक ज्ञान

**रायपुर।** बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार देकर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा नैतिक शिक्षा संस्कार शाला कार्यक्रम का आयोजन विद्यापीठ विद्यालय राधिका नगर के सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों को नैतिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चों में बड़ों को सम्मान देना, अनुशासन, ईमानदारी, करूणा, दयालुता, आज्ञाकारी, सेवा भावना, कर्तव्य बोध, जिम्मेदारी, देशभक्ति आदि अच्छी भावनाओं को व्यावहारिक ज्ञान देकर अपने आचरण में शामिल करना सिखाया जा रहा है।



### युवाओं में नैतिकता का हो रहा हनन

मुख्य वक्ता घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों एवं युवाओं में नैतिकता का हनन हो रहा है। उनके मन में अपने से बड़ों के प्रति आदर एवं मान सम्मान की भावना खत्म होते जा रही है और आपराधिक प्रवित्तियां बढ़ती जा रही है। इसलिए विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा के माध्यम से संस्कारवान बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे आगे चलकर श्रेष्ठ नागरिक बन सकें। उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ ही बच्चों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुरक्षा, अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा नियमों आदि की जानकारी भी दी जाएगी। इस अभियान को प्रभावशाली बनाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बच्चों के पालकों को भी इससे जोड़ कर उनका सहयोग लिया जा रहा है। संस्कार शाला कार्यक्रम को वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, गजानंद साहू, बलबीर सिंह सहगल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को प्रेरक प्रसंगों एवं अनेक दृष्टांतों के माध्यम से अच्छे गुण अपनाकर संस्कारवान बनने प्रेरित किया। संस्कार शाला कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक महासंघ के पदाधिकारियों के अलावा गांधी विद्यापीठ शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्राचार्य ओ.पी. सिंह, प्रधानपाठक एम.आर. शर्मा, शिक्षक स्टाफ प्रशांत चौधरी, कल्याणी परगनिहा, भुनेश्वरी साहू, एम. दत्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रिषिका चटर्जी एवं आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर परगनिहा ने किया।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वर साधना कार्यशाला

# कथक के कदमताल पर थिरके स्टूडेंट्स, सीखीं सुर-ताल की बारीकियां, तबला और वॉयलिन के साथ बिताया समय

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस में तीन दिवसीय स्वर साधना कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 'रिदम्स ऑफ इंडिया' थीम पर कार्यशाला में वॉयलिन, कथक और तबला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला का समापन 28 जुलाई रविवार को होगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में वॉयलिन के विशेषज्ञ डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति, तबला वादन के गुरु बी. शरत और कथक नृत्य कलाकार प्रगति पटवा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

महाविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने बताया, कार्यशाला में स्कूली विद्यार्थियों से लेकर अधिक उम्र के व्यक्तियों ने हिस्सा लिया है। जो अपनी मनपसंद विधाओं में पारंगत होने की कोशिश कर रहे है। कार्यशाला के दौरान डायरेक्टर जनरल डॉ. बीसी जैन, प्रति कुलपति सुमीत श्रीवास्तव, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. प्रांजलि गनी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. रूपाली चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।




### प्रशिक्षण से पूर्व गुरु-शिष्य परंपरा को जाना

कथक नृत्य कलाकार प्रगति पटवा भी प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपस्थित रहीं। तीन दिवसीय आयोजन में युवतियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें कथक नृत्य का इतिहास व गुरु-शिष्य परंपरा से कार्यशाला की शुरुआत की गई, जिसके पश्चात नृत्य की बारीकियों, मुद्राओं व भावनात्मक दृश्य जानने का प्रयास किया गया।

### वॉयलिन बजाने के टिप्स

वॉयलिन गुरु डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति ने प्रतिभागियों को सुर और वॉयलिन के विषय में जानकारी दी। साथ ही वॉयलिन बजाने की तकनीक व टिप्स को बारीकी से समझाया। सुर के महत्व और पहचान विभिन्न टिप्स की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छोटे बच्चों से लेकर अधिक उम्र के लोग भी प्रशिक्षण के लिए शामिल हो रहे हैं, जो अपनी मनपसंद विधा सीखने पहुंच रहे हैं।



### प्रतिभागियों ने समझी तबले की तासीर

तबला वादन के गुरु बी. शरत ने तबला बजाने की कला व अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान तबले की विविध ताल व लयबद्धता पर जोर दिया। साथ ही तख्त और अंगी की विभिन्न तकनीक को तबला गुरु द्वारा दर्शाया गया। बी. शरत ने प्रतिभागियों को तबले की बारीकियों और तासीर को समझाने के लिए व्यावहारिक उदाहरण दिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ में 'साई' का पूर्णकालिक कार्यालय खोलने खेलमंत्री से की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ ने केंद्रीय खेल मंत्री से राज्य में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का पूर्ण कार्यालय खोलने और असिस्टेंट डायरेक्टर की नियुक्ति की मांग की है। शनिवार को राजधानी रायपुर पहुंचे केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका, सचिव ठाकुर आनंद मोहन सिंह, अन्य पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस दौरान खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उन्हें बताया गया कि अब तक छत्तीसगढ़ में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का पूर्ण कालिक कार्यालय नहीं खुला है। जबकि राज्य स्थापना को 24 वर्ष होने जा रहा है। इस मामले में छत्तीसगढ़ अब तक मध्य प्रदेश के अधीन है। देश में ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां पूर्णकालिक कार्यालय ना हो। संगठन ने मांग की है कि भारतीय खेल प्राधिकरण को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक कार्यालय खोलने निर्देश दिया जाए जिससे आने वाले समय में खेलों को बढ़ावा मिल सके।

### छत्तीसगढ़ से 107 जूनियर खिलाड़ी जुटे शह और मात के खेल में



**रायपुर।** मुंगेली के आदित्य मंगलम में छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर वर्ग (अंडर -19) फीडे रेटेड स्टेट चैंपियनशिप चल रही है। जिसमें समूचे छत्तीसगढ़ से 107 जूनियर खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी चंदकुमार धृतलहरे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने की। विशिष्ट अतिथि आशीष तिवारी मंचासीन थे। मुख्य अतिथि ने शतरंज के उदघाटन अवसर पर शतरंज की बिसात पर प्यादे की चाल चलकर राज्य चयन स्पर्धा का उदघाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि चंदकुमार धृतलहरे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज एक बेहतरीन रोचक खेल है । यह आपके सीखने का स्तर को बढ़ाता है इसलिए इस खेल को हमेशा खेलते रहना चाहिए। जैसे - जैसे हम आगे सीखते जाते है वैसे - वैसे हमारे सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है।खेल में निखार आता है।, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने कहा कि मुंगेली सरीखे एक छोटी सी जगह में विगत चार सालों से लगातार कोई न कोई स्टेट सिलेक्शन का होना और यहां के आयोजन पर खिलाड़ियों का बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेना वाकई उपलब्धि व गौरव की बात है। मुंगेली जिला शतरंज संघ प्रदेश की अत्यंत सक्रिय संघ है। मुंगेली जिला आयोजन को लेकर न सिर्फ आगे रहता है बल्कि मुंगेली से सभी आयु वर्गों की चैंपियनशिप में खिलाड़ी प्रदेश के अन्य जिलों में शिरकत करते हैं। विशिष्ट अतिथि आशीष तिवारी ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की अपील करते हुए अपनी शुभकामना संदेश दिया। इस दौरान जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह,सचिव ओमप्रकाश सहित संघ के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त स्पर्धा अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेली जाएगी। स्पर्धा का अंतिम चक्र 29 जुलाई को संपन्न होगा।

### डॉ. पटनायक पेरिस ओलिम्पिक मे भारतीय एथलेटिक्स टीम के प्रबंधक, हुआ सम्मान




**रायपुर।** बिलासपुर जिला एथेलेटिक्स संघ के तत्वधान में भारतीय एथेलेटिक्स संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन सेंट ज़ेवियर स्कूल ऑफ चेन्स के डॉ जीएस पटनायक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. यह समारोह श्री पटनायक के पेरिस ओलिंपिक 2024 मे भारतीय एथलेटिक्स टीम के प्रबंधक नियुक्त होने पर रखा गया था। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियो ने पटनायक के इस विशेष उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए भारतीय टीम को ओलिंपिक में भारी सफलता मिलने की अपनी तरफ से अग्रिम शुभकामनाये दी। इस अवसर पर विजय केसरवानी, डॉ अजय सिंह, डॉ सुरेश पवार, डॉ अजय यादव, सुशील मिश्रा, डॉ बसंत अंचल, डॉ मनीष श्रीवास्तव, विंटेश अग्रवाल, अमरनाथ सिंह, बीएस यादव, सुभाष कुमार, बी अनिल, सुनील पटेल, देवेंद्र राठौर, टी रमेश बाबू, सुनील मिश्रा, दिव्यश्री पटनायक, सामंत राय, सुप्रिया, मोहन सोनी, हरि नायडू, के. श्रीनु, दीपक साहू , यूसुफ एवं विक्रम साहू, बी वेणुगोपाल राव, एस श्रीनिवास राव ,वी रवि, टी नागू, एन लोकेश और नर्सिंग मूर्ति आदि उपस्थित थे।

**आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस:** बारिश के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी

# मानसून में बढ़ जाता है हेपेटाइटिस का खतरा, खानपान पर दें पूरा ध्यान

हेपेटाइटिस, लिवर को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली संक्रामक बीमारियों में से एक है। मानसून के दिनों में इसका खतरा और भी बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में दूषित पानी और भोजन के सेवन के कारण बड़ी संख्या में हेपेटाइटिस संक्रमण के मामलों का निदान किया जाता रहा है। हेपेटाइटिस की समस्या लिवर में सूजन का कारण बनती है। संक्रमितों में लिवर डेमैज, लिवर फेलियर, सिरोसिस, लिवर कैंसर या मृत्यु का भी खतरा हो सकता है।हेपेटाइटिस के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और इस रोग से बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस गंभीर संक्रामक रोग से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। स्वच्छता में कमी और खान-पान को लेकर बरती गई असावधानी के कारण इसका जोखिम बढ़ जाता है। आइए जानते हैं कि बरसात के दिनों में हेपेटाइटिस से बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने जरूरी हैं?



### स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी

हेपेटाइटिस ए और ई जैसे संक्रमण का मुख्य कारण अस्वच्छता को माना जाता है। बरसात हो या कोई भी मौसम हाथ की स्वच्छता बहुत जरूरी है। खाने से पहले, शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद और संभावित रूप से दूषित सतहों को छूने के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं। बार-बार मुंह को छूने से बचें। हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखकर हेपेटाइटिस के खतरे को काफी कम किया जा सकता है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

लखनऊ स्थित एक अस्पताल में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ नरेश माधव बताते हैं, मानसून का समय पाचन से संबंधित कई तरह की बीमारियों के जोखिमों को बढ़ा देता है। हेपेटाइटिस संक्रमण का खतरा भी इसमें काफी बढ़ जाता है। वैसे तो टीकाकरण अभियान के चलते अब इसमें कमी आई है पर अब भी हर साल बड़ी संख्या में लोगों में इस संक्रामक रोग का निदान किया जाता रहा है। हेपेटाइटिस का मतलब है लिवर की सूजन, इसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो कई तरह की गंभीर समस्याओं का भी जोखिम हो सकता है। इसके अलावा बरसात के मौसम में पेट में संक्रमण होना भी आम है। इसके कारण पेचिश और दस्त के साथ पेट दर्द और मतली की दिक्कत हो सकती है। इन समस्याओं से बचाव के लिए तीन बातों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

### साफ पानी का ही सेवन करें

मानसून के दौरान पानी का दूषित होना एक आम समस्या है, विशेषतौर पर जिन इलाकों में बाढ़ आ जाती है वहां इसका खतरा और भी बढ़ जाता है, जिससे हेपेटाइटिस हो सकता है। हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं। घर में वॉटर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपनी खुद की पानी की बोतल साथ रखें। साफ पानी के साथ स्वच्छ और अच्छे से पका खाना ही खाएं। स्ट्रीट फूड्स से बचें। कच्चे सलाद का सेवन तभी करें जब फल और सब्जियां ठीक से धुली हुई और छीली हुई हों।

### हेपेटाइटिस से बचाव के लिए टीकाकरण




कुछ प्रकार के टीके इस संक्रामक रोग के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी साबित हुए हैं। हेपेटाइटिस ए और बी के लिए टीका लगवाने के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बी के टीके लगाने की सलाह देते हैं। आमतौर पर बचपन के पहले 6 महीनों में तीन टीके लगाए जाते हैं। हेपेटाइटिस बी के खिलाफ टीकाकरण हेपेटाइटिस डी को भी रोक सकता है। वैक्सीनेशन से संक्रमण को रोकने और संक्रमण की स्थिति में गंभीर रोग के खतरे को काफी कम किया जा सकता है।

## खाने में ज्यादा हो गई है मिर्च तो अपनाएं ये तरीके, सही हो जाएगा स्वाद

लोग यहां रोजाना के खाने में तीखा और मजेदार भोजन खाना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि ज्यादा तीखा खाना बनाने के चक्कर में लोग गलती से ज्यादा मिर्च डाल देते हैं। इस तीखेपन को कम करने के लिए कुछ तरीके आपको जानना चाहिए।

**सब्जी में मिलाएं टमाटर पेस्ट:** कई बार गलती से सब्जी में लाल मिर्च ज्यादा हो जाती है। ऐसे में आप तत्काल टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक पैन में हल्का का तेल गर्म करना है और उसमें टमाटर के पेस्ट को सही से भूनना हैं। जब ये सही से भुन जाए तो इसमें सब्जी डाल दें। इससे मिर्च का स्वाद कम हो जाएगा।

**देसी घी:** हर घर में देसी घी तो पाया ही जाता है। ऐसे में अगर आपकी सब्जी में लाल मिर्च ज्यादा हो गई है तो देसी घी डालकर आप उसका स्वाद सही कर सकती हैं। देसी घी से मिर्च का तीखापन कम हो जाएगा।

**मलाई:** हर भारतीय घर के फ्रिज में आपको मलाई रखी तो मिल ही जाएगी। ऐसे में अगर आपकी सब्जी ज्यादा तीखी हो गई है, तो इसमें मलाई डालकर हल्का कुक कर लें। इससे सब्जी का तीखापन कम हो जाएगा।

**मैदा:** सब्जी में तीन से चार चम्मच मैदा मिलाकर आप इसके तीखेपन को दूर कर सकते हैं। अगर सब्जी में पानी ज्यादा हो गया है, तब भी आप मैदा डालकर उसे सही कर सकते हैं।



## जानें सावन में पार्थिव शिवलिंग की पूजा का महत्व और विधि



सनातन परंपरा में अलग-अलग प्रकार के शिवलिंग की पूजा के अलग-अलग फल बताए गए हैं, लेकिन सभी प्रकार के शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा का बहुत ज्यादा महत्व है। सावन में पार्थिव शिवलिंग की पूजा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ प्रदान करती है। यह पूजा भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सरल और प्रभावी माध्यम है। सावन के पवित्र माह में पार्थिव शिवलिंग की पूजा कर भक्त अपने जीवन को सफल, सुखी और समृद्ध बना सकते हैं। मान्यता है कि भगवान श्री राम ने लंका पर कूच करने से पहले भगवान शिव की पार्थिव पूजा की थी।

कलयुग में भगवान शिव का पार्थिव पूजन कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने किया था जिसके बाद से अभी तक शिव कृपा बरसाने वाली पार्थिव पूजन की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों में वर्णित है कि शनिदेव ने अपने पिता सूर्यदेव से ज्यादा पराक्रम पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा की थी।

**पार्थिव शिवलिंग की पूजा का महत्व:** लिंग पुराण में भी पार्थिव शिवलिंग की पूजा का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार, जो व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करता है उसके जीवन में सुख, शांति, और समृद्धि आती है,समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिन दंपतियों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हो रही है, वे सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें तो उन्हें संतान प्राप्ति का वरदान मिल सकता है।

**पार्थिव शिवलिंग की पूजा विधि:** शास्त्रों के अनुसार सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा के लिए किसी नदी या पवित्र स्थान की मिट्टी को लेकर उसमें गंगाजल, पंचामृत, गाय का गोबर और भस्म मिलाएं। यदि संभव हो तो गंगा नदी की मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाना चाहिए। इसके बाद शिव मंत्र बोलते हुए उस मिट्टी से शिवलिंग बना लें।



## कॉन्टैक्ट लेंस लगाने वाले रहें सतर्क, खराब हो सकती हैं आंखें

हाल ही में टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन की आंखें कॉन्टैक्ट लेंस पहनने से खराब हो गई। कॉन्टैक्ट लेंस को ठीक से इस्तेमाल न करने से उनकी आंखों की कॉर्निया को क्षति पहुंची है,उन्हें दिखना बंद हो गया, और शदीद दर्द का सामना करना पड़ा। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं की कैसे कॉन्टैक्ट लेंस आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। इस बारे में प्रख्यात नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी जानकारी दे रहे हैं।

### कॉन्टैक्ट लेंस के जोखिम

अपने अनेक लाभों के बावजूद, कॉन्टैक्ट लेंस हर किसी के लिए उपयुक्त नहीं हैं: एक संभावित कमी है लागत। कॉन्टैक्ट लेंस चश्मों की तुलना में ज़्यादा महंगे हो सकते हैं, खासकर अगर आपको बार-बार उन्हें बदलने या कस्टम फिटिंग की ज़रूरत हो। संक्रमण या अन्य नेत्र समस्याओं से बचाव के लिए भी इन्हें उचित रखरखाव की आवश्यकता होती है। कॉन्टैक्ट लेंस से आंखें सूखी हो सकती हैं और यदि इन्हें बहुत लंबे समय तक पहना जाए तो इससे असुविधा या चोट भी लग सकती है। यदि आपको पहले से ही कोई नेत्र रोग जैसे एलर्जी या दीर्घकालिक संक्रमण है, तो कॉन्टैक्ट लेंस आपके लिए सर्वोत्तम विकल्प नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त, कुछ लोगों को कॉन्टैक्ट लेंस लगाना और निकालना चुनौतीपूर्ण लगता है।

### कॉन्टैक्ट लेंस से आंखों को कैसे नुकसान होता है?



डा. भावनानी के मुताबिक आपके कॉर्निया को ऑक्सीजन की जरूरत होती है, ऐसे में अगर आप लंबे वक्त तक लेंस पहनते हैं तो इससे ऑक्सीजन की सप्लाई में रुकावट आ जाती है,और कॉर्नियल डैमेज की संभावना बढ़ जाती है। लेंस की स्वच्छता बनाए रखने में विफलता से कॉर्नियल क्षति हो सकती है। सूखी आंखें होने से कॉर्निया में जलन भी हो सकती है और कॉर्निया की सतह खरोंच सकती है, जिससे व्यक्ति को संक्रमण होने का खतरा हो सकता है। इसके अलावा, खराब फिटिंग वाले लेंस कॉर्निया को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं,जिससे खरोंच और संक्रमण हो सकता है जो दृष्टि को प्रभावित करता है।

### क्या करें

कॉन्टैक्ट लेंस स्टोरेज केस को हर तीन महीने में बदलें। कॉन्टैक्ट लेंस को छूने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह धो लें। लेंस लगाने से पहले इसे सॉल्यूशन से अच्छी तरह से साफ करें। अगर लेंस गिर जाए तो उसे दोबारा लगाने से पहले साफ करें। मेकअप करने से पहले लेंस पहनें। लेंस लगाने के बाद बार-बार आंखों को ना छुएं। 7 से 8 घंटे ही लेंस का इस्तेमाल करें

### क्या न करें

कॉन्टैक्ट लेंस को कभी भी टैप वाटर से न धोएं। अपना कॉन्टैक्ट लेंस शेयर न करें। कॉन्टैक्ट लेंस पहन कर कभी न सोएं। कॉन्टैक्ट लेंस पहन कर स्विमिंग न करें। अगर आपका लेंस सिर्फ 24 घंटे वाला है तो इसे दोबारा इस्तेमाल न करें। एक्सपायर्ड लेंस न लगाएं। बिना डॉक्टर की सलाह के खुद से लेंस न लें। रोजाना लेंस लगाने से बचें।






















फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### शाकाल से भी ज्यादा खतरनाक निकली एमसीयू की नई विलेन

एम्मा कोरिन की झलक जब से 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' से बाहर आई है, उनके किरदार को लेकर मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के प्रशंसक खूब कहानियां बनाने में लगे हैं। एम्मा कोरिन भारत में सबसे पहले वेब सीरीज 'क्राउन' में प्रिसेंस डायना के किरदार से मशहूर हुईं। एम्मा की पहचान साल 2021 तक एक स्त्री के रूप में ही रही लेकिन कोरोना काल के बीच जुलाई 2021 में एम्मा ने खुद को लिंग पहचान से परे बताया और अपने लिए स्त्री या पुरुष के सर्वनाम लगाने बंद कर दिए। फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के लिए मेरे पास पहले का कोई संदर्भ बिंदु तो था नहीं, तो मैंने इसके लिए 'डेडपूल' बनने वाले रयान रेनॉल्ड्स की मदद ली जो फिल्म के लेखकों में से भी एक हैं। उन्होंने मुझे 'इन्ग्लोरियस बास्टर्ड्स' में क्रिस्टोफ वाल्ट्ज के निभाए किरदार का संदर्भ दिया। इसके अलावा मैंने विली वोंका को परदे पर पहली बार निभाने वाले जीन वाइल्डर के अभिनय से भी काफी कुछ सीखा।



जब भी हम जीवन में कुछ नया करते हैं, तो उसका मानसिक दबाव हमारे होता ही है। खासतौर से अगर हम ऐसा कोई किरदार करने जा रहे हैं जो असल जीवन से प्रेरित हो तो एक कलाकार के ऊपर दबाव और ज्यादा होता है। 'क्राउन' की शूटिंग के समय मैं इसे महसूस कर चुकी हूं। मेरा मानना है किसी भी चुनौती को पार करने के लिए बेहद जरूरी है कि जो टीम इस काम में लगी है, उसके आपसी रिश्ते मजबूत हों। जो अच्छा काम करे, उसका स्वागत करना जरूरी है। अगर मेहनत करने वाले को लगे कि उसे टीम का हिस्सा माना जा रहा है तो अपना बेहतरीन देने के लिए वह जी जान लगा देगा।

## टॉलीवुड

### राम पोथिनेनी की फिल्म 'डबल इस्मार्ट' की ओटीटी डील पूरी, करोड़ों में बेचा

बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म 'डबल इस्मार्ट' की रिलीज में काफी कम समय बचा हुआ है। पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं, जो फिल्म की पहली किस्त में निभाए गए अपने किरदार शंकर की भूमिका को दोहराने वाले हैं। एक एक्शन एंटरटेनर के रूप में पेश की गई यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी की 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।



फिल्म से नवीनतम अपडेट यह है कि फिल्म के ओटीटी अधिकार एक प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को भारी कीमत पर बेचे गए हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम पोथिनेनी की फिल्म 'डबल इस्मार्ट के डिजिटल राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो को 33 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। फिल्म की प्रोडक्शन टीम ने साझा किया कि ओटीटी दिग्गज ने फिल्म के ओटीटी अधिकार हासिल कर लिए हैं, और यह नाटकीय प्रदर्शन के बाद कई भाषाओं में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। 'डबल इस्मार्ट' का टीजर शंकर को एक बदमाश के रूप में वापस से प्रस्तुत करता है। हालांकि, पहली किस्त के विपरीत, नई झलक शंकर और संजय दत्त के चरित्र के बीच एक बड़े टकराव का संकेत देती है, जो खुद को बिग बुल बताता है। कुल मिलाकर, फिल्म एक बड़े पैमाने पर मनोरंजन का वादा करती है। पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित 'डबल इस्मार्ट' राम और उनकी 2019 की ब्लॉकबस्टर हिट 'इस्मार्ट शंकर' की अगली कड़ी है। पहला भाग एक साइंस फिक्शन एक्शन ड्रामा था जिसमें एक हत्यारे की कहानी थी जिसे एक मारे गए पुलिस अधिकारी की यादें मिलती हैं और बाद में उसे एक हत्या के मामले में अधिकारियों की मदद करने का काम सौंपा जाता है।

## भोजपुरी

### बोल बम सॉन्ग 'बेचेले चुड़िया हरी हरी' रिलीज शिवानी की आवाज के दीवाने हुए लोग

सावन का महीना शिवभक्तों के लिए बेहद खास होता है। बम भोले को जल चढ़ाने वाले भक्त और कांवड़िये शिव भजन गाने-गुनगुनाते और ईश्वर की आराधना करते हुए चले जाते हैं। इस महीने में कांवड़ भजन और बोलबम गीत जगह-जगह सुनने को मिलता है। इस साल शिव भक्तों के बीच शिवानी सिंह की आवाज में बोल बम सांग 'बेचेले चुड़िया हरी हरी' धूम मचा रहा है। 'बेचेले चुड़िया हरी हरी' गाने में माही श्रीवास्तव की शानदार परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया है। यह बोल बम गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव ने ग्रीन और व्हाइट कलर की साड़ी पहनकर कयामत ढा रही हैं। वह अपने पति का बखान करने के साथ-साथ भोले बाबा की महिमा का भी गुणगान कर रही हैं। गाने में वह यह भी बता रही हैं कि कैसे शिव भक्तों को उनके पति सामान बेचकर सहायता कर रहे हैं। कुल मिलाकर यह बोल बम सॉन्ग बहुत ही शानदार है, जोकि हर किसी को खूब पसंद आ रहा है। इस गाने की काफी सराहना हो रही है और माही श्रीवास्तव जमकर सुर्खियां बटोर रहीं हैं। इस बोल बम गीत में पत्नी के रूप में माही अपने पति की श्रद्धा और भक्ति पर बहुत खुश हैं।



लाइफ स्टाइल

नाइजीरिया का फैशन



कोविड-19 महामारी से लेकर सार्स विरोध प्रदर्शन और हाल ही में हुए चुनावों तक, नाइजीरिया ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इसका सीधा असर यहां की फैशन इंडस्ट्री पर पड़ा है। नाइजीरिया विभिन्न डिजाइनर कपड़ों और फैशन से जुड़े उपकरणों के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर करता है जो इसके विविध फैशन परिदृश्य का अभिन्न अंग हैं। हालाँकि, यहां की मुद्रा नाइरा के अवमूल्यन से मुद्रास्फीति की स्थिति और भी खराब हो रही है। इससे फैशन डिज़ाइनरों और खुदरा विक्रेताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# लिपस्टिक लगाने के दौरान इन बातों का रखें ध्यान

अपनी जरूरत के हिसाब से लिपस्टिक का कैसे उपयोग करें, हर महिला को इसके बारे में जानना बहुत जरूरी है। अगर आप सही तरह से लिपस्टिक लगाना चाहती हैं तो आपको जरूर जानना चाहिए। जिससे आपका लुक भी सबसे खूबसूरत दिखे।

### शेड का रखें ध्यान

लिपस्टिक खरीदने से पहले अपने शेड का ध्यान अवश्य रखें। ये बात ध्यान रखें कि लिपस्टिक आपकी स्किन टोन के हिसाब से होनी चाहिए। कई बार गलत शेड की लिपस्टिक आपके लुक को खराब कर सकती है।

### लगाने का ये है सही तरीका

सही तरह से लिपस्टिक लगाने के लिए सबसे पहले लिप लाइनर से बेस बनाएं और फिर उसमें लिपस्टिक लगाएं। अगर लिपस्टिक हल्के रंग की है तो न्यूड लाइनर का प्रयोग करें। इससे लुक तो अच्छा आता ही है और साथ में इससे लिपस्टिक परफेक्ट लगती भी है।

### गलत रंग के साथ क्या करें

कई बार ऐसा होता है कि लिपस्टिक लगाने के बाद अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में जरूरी नहीं है कि आप उसे हटा दें। आप उसे दूसरे रंग की लिपस्टिक के साथ मैच करके भी लगा सकती हैं। बस ध्यान इस बात का दें कि डबल शेड बनकर ज्यादा डार्क न हो जाए।



### ऐसे दें ग्लॉसी लुक

अगर आप अपनी मैट लिपस्टिक को ग्लॉसी लुक देना चाहती हैं तो लिपस्टिक लगाने के बाद थोड़ी सी लिपस्टिक को वैसलीन के साथ मिलाकर लगाएं। ध्यान रखें कि इसमें वैसलीन की मात्रा कम ही रखें, तभी लुक परफेक्ट दिखेगा।

### फिनिशिंग टच दें

अगर लिपस्टिक लगाने के बाद किनारों पर फैल गई हो, तो कंसीलर का उपयोग करके उसे साफ करें। इससे होंठ साफ-सुथरे और परफेक्ट लगेंगे।

# साड़ी के साथ बनाएं ऐसी हेयर स्टाइल, खिल उठेगा सौंदर्य




साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जिसे हर उम्र की महिला पहनना पसंद करती है। घर में शादी-विवाह से लेकर दफ्तर की पार्टी तक में महिलाएं साड़ी पहनती हैं। साड़ी का ट्रेंड तो इतना ज्यादा है कि विदेशी महिलाएं भी अब साड़ी पहनना पसंद करती हैं। अगर साड़ी सही से पहनी जाए तो लुक काफी सादगी भरा लगता है, वहीं साड़ी पहनने में की गई एक छोटी सी गलती आपके लुक को बिगाड़ सकती है।

साड़ी लुक को खूबसूरत बनाने के लिए न सिर्फ आपका मेकअप बल्कि आपकी हेयर स्टाइल भी काफी काम आती है। बहुत सी महिलाओं को ये समझ ही नहीं आता कि वो साड़ी में कैसे बाल रखें तो वो अक्सर बालों को खुला ही कर लेती हैं। जबकि अगर आप बालों को सही से स्टाइल करेंगी तो आपका लुक ज्यादा अच्छा दिखेगा। यहां कुछ ऐसी हेयर स्टाइल हैं, जिसे आप आसानी से बना सकती हैं।



**ट्विस्टेड हेयर:** इस तरह की हेयर स्टाइल बनाना भले ही थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन इसे बनाकर आपका लुक लगता बहुत प्यारा है। ऐसे में आप भी बिना सोचे साड़ी के साथ ट्विस्टेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। अगर कहीं फॉर्मल लुक कैरी करना है तो ये हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट रहेगी।

**पोनीटेल:** गर्मी का मौसम में अगर आपको बाल खुले रखना नहीं पसंद तो बिना सोचे इस तरह के पोनीटेल बनाएं। खुले बार कई बार उलझन पैदा कर देते हैं। ऐसे में पोनीटेल की वजह से एक तो आपको गर्मी नहीं लगेगी, दूसरा ये लुक दफ्तर के लिए परफेक्ट रहेगा।

**हाफ क्लेचर:** आप अपने बालों में इस तरह से हाफ क्लेचर लगा सकती हैं। ये लुक देखने में काफी प्यारा लगता है। इसमें बीच की मांग निकालने के बाद आपको अपने बालों को थोड़ा-थोड़ा लेकर पीछे छोटे से क्लेचर या फिर क्लिप की मदद से अटैच करना है।

**लो बन के साथ फूल:** अगर किसी शादी-विवाह में साड़ी पहन रही हैं तो लो बन बनाकर बालों में फूल लगाएं। आप चाहें तो इसके लिए अपनी साड़ी के मैचिंग का फूल ले सकती हैं। अगर मैचिंग का फूल नहीं है तो गुलाब का फूल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएगा।

# काली पड़ गई है हाथों की त्वचा काम आएगा यह अनूठा ट्रीटमेंट

निखरी त्वचा पाने के लिए हम कई स्किन केयर रूटीन को फॉलो करते हैं। तेज धूप और गर्मी त्वचा को नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में कई बार चेहरे के अलावा हाथों की त्वचा अलग रंग की नजर आने लगती है। इसका कारण हाथों में मौजूद टैनिंग हो सकती है।

### बेसन को त्वचा पर लगाने से क्या होता है?

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।चेहरे पर मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने के लिए बेसन बेहद फायदेमंद होता है।

दही को त्वचा पर लगाने से क्या होता है?

त्वचा पर निखार लाने के लिए भी दही बेहद फायदेमंद होता है।दही स्किन में दिखने वाले एजिंग साइंस को कम करने में मदद करती है।इसका का इस्तेमाल करने से चेहरे की त्वचा लंबे समय तक जवां और खूबसूरत नजर आती है।

काले हाथों को साफ करने के लिए घरेलू उपाय



सबसे पहले एक कटोरी में 2 से 3 चम्मच बेसन और 1 चम्मच दही की मिला लें। इन दोनों को आपस में अच्छी तरह से मिक्स कर लें। ब्रश की मदद से गर्दन के कालेपन पर इस स्क्रब को लगा लें। अब 5 मिनट तक इसे हल्के हाथों के दबाव से मसाज करें।20 मिनट तक इसे इसे ही गर्दन पर लगा रहने दें।

कॉटन और पानी की मदद से गर्दन को साफ कर लें। इस नुस्खे को आप हफ्ते में 3 बार तक गर्दन पर आजमा सकती हैं। पहली ही बार में काले पड़े हाथ आपको साफ नजर आने लगेगी।

# हरियाली तीज के लिए कंगन के डिजाइंस हरी चूड़ियों के साथ दिखेंगे खूबसूरत

हरियाली तीज कंगन में स्टोन वर्क, पर्ल वर्क और भी कई तरह के डिजाइंस वाले कंगन आजकल काफी चलन में हैं। इन्हें आप हरियाली तीज के मौके पर हरी या लाल चूड़ियों के साथ पहन सकती हैं।



### स्टोन डिजाइन कंगन

चौड़े डिजाइन के अलावा आपको कंगन में पतले पैटर्न में भी कंगन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के आर्टिफिशियल डायमंड स्टोन के कंगन लगभग 400 रुपये में मार्केट में मिल जाएंगे। इन्हें आप चूड़ियों के साथ में सेट बनाकर हाथों में पहन सकती हैं। यह आपको क्लासी और एलिगेंट लुक देंगे। ये किसी भी रंग की चूड़ियों के सेट के साथ एकदम परफेक्ट लगेंगे और आपके हाथों की शोभा बढ़ाएंगे।

### फ्लोरल डिजाइन कंगन

आर्टिफिशियल ज्वेलरी, आजकल काफी ज्यादा पसंद की जाती है। इसमें फ्लोरल यानी फूल-पत्ती के डिजाइन में कई सारे कलर कॉम्बिनेशन और हाथों की शेप के अनुसार, चौड़ाई वाले डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा गोल्डन कलर को पसंद किया जाता है। इस तरह के फ्लोरल डिजाइन वाले कंगन खासकर न्यूली मैरिड महिलाओं पर बहुत जचते हैं। इनमें आपको अलग-अलग रंग और फ्लोरल पैटर्न में मार्केट में कई ऑप्शन्स मिल जाएंगे। इस तरह के कंगन मार्केट में 300-400 रुपये में मिल जाएंगे।

### गोल्ड डिजाइन कंगन


अगर आप महंगे कंगन नहीं पहनना चाहती हैं या फिर भारी कंगन को कैरी करने में दिक्कत है, तो इस तरह के सिंगल या डबल कंगन हाथों में पहन सकती हैं। साड़ी से लेकर सूट तक के साथ में मिनिमल डिजाइन के ये कंगन आपके हाथों की शोभा बढ़ाने में मदद करेंगे। देखने में यह काफी मॉडर्न लुक भी देते हैं।

कार्नर न्यूज

जरा सी लापरवाही से टूटने लगते हैं बाल और बढ़ जाती है डैंड्रफ

# पुरुष बालों की देखभाल में कर देते हैं गलतियां, इन बातों पर दें ध्यान

*शहर में नए-नए सैलून खुल रहे हैं और बालों को नई स्टाइल भी दे रहे हैं। आप भी इन्हीं में से बेस्ट सैलून और हेयर स्टाइल की तलाश करते हैं और फिर खुद को बिलकुल नए लुक में देख कर खुश भी बहुत होते हैं। घर पर भी आप बालों का ख्याल रखने से नहीं चूकते हैं। बालों की देखभाल के लिए घरेलू नुस्खे हों या महंगे से महंगे प्रोडक्ट आप कोई कसर छोड़ने की सोचते भी नहीं हैं।*



### टू इन वन से नहीं चलेगा काम

बालों को हमेशा परफेक्ट दिखाने की कोशिश में आप अक्सर नए से नए प्रोडक्ट खरीदते रहते हैं। इन्हीं में से एक प्रोडक्ट है शैंपू और कंडीशनर का। आजकल बाजार में ऐसे प्रोडक्ट मौजूद हैं, जिनमें शैंपू के साथ ही कंडीशनर भी मिला होता है। अगर आप भी इसे इस्तेमाल करते हैं तो अब ऐसा मत कीजिएगा। इससे बालों को फायदा बिलकुल नहीं बल्कि नुकसान होता है। इस नुकसान को ऐसे समझिए कि बालों को क्यूटिकल्स कवर किए रहते हैं। बालों को साफ करने के लिए जरूरी होता है कि क्यूटिकल्स खुलें और गंदगी साफ हो सके। यह काम शैंपू करता है।

वहीं कंडीशनर का काम होता है कि बालों को मॉइश्चराइज करे और बालों के क्यूटिकल्स को बंद कर दे। यह पूरी प्रक्रिया सिर्फ एक प्रोडक्ट से संभव नहीं है। यह बालों पर खराब असर ही करेगा। इसलिए पहले बालों पर शैंपू करके धोना और फिर कंडीशनर करके थोड़ी देर बालों को छोड़ देने के बाद धोना ही सही रहेगा।

### स्कैल्प का ख्याल भूलना नहीं

बालों का ख्याल रखने के लिए भले ही आप ढेरों तरीके इस्तेमाल करते हों। भले ही आप महंगे से महंगे एक्सपर्ट की सेवाएं लेते हों लेकिन अगर स्कैल्प (Scalp) का ख्याल आप नहीं रख रहे हैं तो समझ लीजिए कि सारी मेहनत बेकार चली जाएगी।

जानकार मानते हैं कि बालों को हेल्थी रखना है तो स्कैल्प का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। जो लोग नियमित तौर पर बालों में जेल या ऐसे ही दूसरे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, उनके लिए तो स्कैल्प की साफ-सफाई ज्यादा जरूरी हो जाती है।

स्कैल्प की सफाई के लिए प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो बालों पर लगे स्टायलिंग प्रोडक्ट के साथ गंदगी आदि को आसानी से निकाल सके। इसलिए कोशिश करके ऐसे प्रोडक्ट लें, जिनमें जोजोबा का असर भी हो।अगर ये सारी सावधानियां नहीं बरती जाएंगी तो बालों का रूखा होना, डैंड्रफ के साथ बालों की रंगत चले जाने का सामना आपको करना ही होगा।

